www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

सूर्योदय सुबह 6:32 बजे
सूर्यास्त शाम 5:41 बजे

• साल-1 • अंक-50 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • रविवार 26 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट से मचा सियासी तूफान

# एलआईसी पर 33 हजार करोड़ के अडाणी निवेश का आरोप

▪ सरकार और एलआईसी ने आरोपों को बताया भ्रामक; कांग्रेस ने संसद की पीएसी जांच की मांग की

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी)पर अडाणी ग्रुप में करीब 33 हजार करोड़ रुपये (3.9 अरब डॉलर) के निवेश का गंभीर आरोप लगा है। यह खुलासा अमेरिकी अखबार 'द वॉशिंगटन पोस्ट' की मई 2025 की रिपोर्ट में किया गया, जिसके अनुसार यह निवेश उस समय किया गया जब गौतम अडाणी का कारोबारी साम्राज्य भारी कर्ज और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरा हुआ था।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक प्रस्ताव तैयार किया था, जिसके तहत एलआईसी को अडाणी समूह की कंपनियों में अरबों डॉलर लगाने के लिए कहा गया। इस योजना को नीति आयोग और वित्त मंत्रालय की सहमति से लागू किया गया था, ताकि "अडाणी समूह में विश्वास का संदेश दिया जा सके" और अन्य निवेशकों को आकर्षित किया जा सके।

राहुल गांधी ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर सीधा हमला बोला। इस पर राहुल गांधी ने एक्स पर अपनी पोस्ट डाली है, जिसमें अखबार का हवाला दिया गया है। पार्टी ने इस मामले की जांच संसद की पब्लिक अकाउंट्स कमेटी से कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रीमियम जनता का, फायदा अडाणी का। एलआईसी में लोगों ने अपनी सुरक्षा के लिए निवेश किया, लेकिन सरकार ने उसी पैसे से अपने दोस्तों को बचाया। राहुल गांधी ने जून 2025 में ट्वीट करते हुए चेतावनी दी थी कि एलआईसी का पैसा राजनीतिक पूंजीपतियों की जेब में जा रहा है।

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, मई 2025 के अंत में अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन (ने 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए, जिसे पूरा का पूरा एलआईसी ने खरीदा।

यह निवेश उस वक्त हुआ, जब अडाणी समूह अमेरिकी न्याय विभाग और सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की जांचों के घेरे में था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा "राज्य संरक्षण" का प्रतीक था, एक ऐसे कॉर्पोरेट समूह के लिए, जिसकी कई कंपनियाँ 2023 की हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के बाद बाजार में गिरावट का सामना कर चुकी थीं। वॉशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि एलआईसी के निवेश ने अडाणी समूह को नकदी संकट से उबारने और विदेशी ऋणदाताओं के पलायन के बाद बाजार को स्थिर करने में मदद की।

### एलआईसी ने खरीदे अडाणी बॉन्ड, सरकार ने बताया 'विश्वास बहाली योजना'


Rahul Gandhi
@RahulGandhi
Show translation
पैसा, पॉलिसी, प्रीमियम आपका,
सुरक्षा, सुविधा, फायदा अडानी का!

Bloomberg
India's LIC Sole Buyer in Adani Ports' Record Rupee Bond Sale
Life Insurance Corp. of India is the sole buyer in Adani Ports & Special Economic Zone Ltd.'s record 50-billion-rupee ($585 million) bond sale,according to people familiar with the matter.
The company will issue a 15-year bond with a coupon of 7.75%, the people said, asking not to be identified as the information is private. The firm will use the proceeds for capital expenditure and refinancing existing dollar debt, they said.

**एलआईसी का जवाब : निवेश सुरक्षित, रिपोर्ट झूठी...**
एलआईसी ने अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट को गुमराह करने वाली और झूठी बताया है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा गया है कि एलआईसी के सभी निवेश पारदर्शी और पेशेवर मूल्यांकन के बाद किए जाते हैं। रिपोर्ट में उल्लिखित कोई भी दस्तावेज या प्रस्ताव एलआईसी ने न तो तैयार किया और न ही उस पर अमल किया। एलआईसी ने यह भी कहा कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य कंपनी की साख को नुकसान पहुंचाना और भारत के वित्तीय क्षेत्र पर अविश्वास पैदा करना है।

### अंतरराष्ट्रीय असर : अडाणी समूह पर अमेरिका में केस...



*वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी न्याय विभाग ने 2024 में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और छह सहयोगियों पर रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अभियोग दायर किए। अडाणी पर आरोप है कि उन्होंने विदेशी निवेशकों से झूठे दावे किए और भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं के अनुबंध जीतने के लिए 250 मिलियन डॉलर से अधिक की रिश्वत दी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिकी अभियोगों के बाद विदेशी बैंक अडाणी समूह को कर्ज देने से पीछे हट गए, जिसके बाद कंपनी ने घरेलू स्रोतों विशेष रूप से एलआईसी से फंड जुटाया।अडाणी समूह ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि ये मामले व्यक्तियों से संबंधित हैं, समूह की कंपनियों से नहीं, और दावा किया कि हमारी विकास यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने से पहले शुरू हुई थी।*

**कांग्रेस का हमला : जनता की पॉलिसी से अडाणी को राहत पैकेज...**
*कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि यह निवेश आम जनता की मेहनत की कमाई और बीमा प्रीमियम का दुरुपयोग है।जयराम रमेश ने इसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि सरकार ने एलआईसी का इस्तेमाल अडाणी समूह को बचाने के लिए किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियों (ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स) का उपयोग कर अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डाला गया। हवाई अड्डे और बंदरगाह जैसे सार्वजनिक संपत्तियों का निजीकरण सिर्फ अडाणी को फायदा पहुंचाने के लिए हुआ, और पड़ोसी देशों में भारतीय कूटनीति का इस्तेमाल अडाणी के कॉन्ट्रैक्ट दिलवाने में किया गया।*

**'क्रोनी कैपिटलिज्म' पर विपक्ष का वार...**
*विपक्षी दलों ने इस पूरे प्रकरण को "क्रोनी कैपिटलिज्म" यानी राजनीतिक संरक्षण पर आधारित पूंजीवाद करार दिया है। वाम दलों ने इसे "राज्य प्रायोजित कॉर्पोरेट बचाव योजना" बताया और कहा कि यह भारत में सार्वजनिक और निजी हितों के बीच की रेखा मिटा रहा है।*

**जनता का भरोसा दांव पर...**
*भारत में एलआईसी हर घर की संस्था है, मध्यम वर्ग, सरकारी कर्मचारियों और छोटे निवेशकों की पहली पसंद। अगर ऐसी संस्था का निवेश किसी विवादित समूह में किया गया, तो इसका सीधा असर जनता के भरोसे और बीमा उद्योग की साख पर पड़ सकता है।*
*आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अडाणी समूह के वित्तीय जोखिम गहराते हैं, तो यह एलआईसी के पोर्टफोलियो पर भी असर डाल सकता है और यह जोखिम अंततः उन करोड़ों पॉलिसीधारकों पर पड़ेगा, जिन्होंने जीवन की सुरक्षा के लिए निवेश किया है।*

**पॉलिसी जनता की, फैसला सरकार का, फायदा पूंजीपति का** यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खतरनाक समीकरण है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट ने भारत की वित्तीय पारदर्शिता, नियामक स्वतंत्रता और सार्वजनिक धन की जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एलआईसी का बचाव और विपक्ष का हमला दोनों अपने-अपने दायरे में सही हो सकते हैं, लेकिन असली मुद्दा यह है कि क्या जनता के पैसे से निजी समूहों को 'राजनीतिक संरक्षण' दिया जा सकता है? यह मामला केवल एलआईसी या अडाणी तक सीमित नहीं, यह लोकतांत्रिक जवाबदेही और आर्थिक नैतिकता की परीक्षा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एक्टर सतीश शाह का निधन

**मुंबई**| बॉलीवुड और टीवी जगत के वरिष्ठ अभिनेता सतीश शाह का शनिवार दोपहर 2:30 बजे मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे और किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। सतीश शाह को टीवी शो 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से बड़ी पहचान मिली थी। उन्होंने 'जाने भी दो यारो', 'मैं हूं ना', 'कल हो ना हो', 'फना', और 'ओम शांति ओम' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाएँ निभाईं।



### आगरा में बेकाबू कार ने आठ लोगों को रौंदा

**आगरा**| एक बेकाबू कार ने डिलीवरी बॉय समेत 8 लोगों को रौंद दिया। हादसे में 5 की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर और एक को हल्की चोट आई है। शुक्रवार रात हुए हादसे में तेज रफ्तार कार ने सबसे पहले डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। डिलीवरी बॉय की मौके पर मौत हो गई। जहां घटना हुई वहीं पास में ही पुलिस चेकिंग कर रही थी। यह देखकर कार चला रहा अंशुल घबरा गया। वहां से भागने के लिए उसने कार की स्पीड बढ़ाकर 100 से ज्यादा कर ली। कार चालक ने 400 मीटर के दायरे में दो जगहों पर 7 'और लोगों को रौंद दिया। इसमें 4 की जान चली गई। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद कार चालक को पकड़कर लोगों ने पीटा।

### ट्रम्प के फ्रेंड ने दान किए $130 मिलियन

**वॉशिंगटन**| अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक अज्ञात 'दोस्त' ने अमेरिकी सेना की सैलरी के लिए 130 मिलियन डॉलर का दान दिया है। पेंटागन ने इस डोनेशन की पुष्टि करते हुए बताया कि यह रकम सैनिकों के वेतन और सुविधाओं के लिए इस्तेमाल की जाएगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में दानदाता को "देशभक्त" बताया, लेकिन उनका नाम उजागर नहीं किया। अमेरिका में 1 अक्टूबर से शुरू शटडाउन को 25 दिन हो चुके हैं, जिससे सरकारी खर्च और कर्मचारियों की तनख्वाह पर असर पड़ा है। यह राशि सेना के कुल वेतन बजट के मुकाबले बेहद कम है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 79866-30191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

## जथेदार गड़गज की पंथक रस्मों से दोबारा दास्तारबंदी, जत्थेबंदियों की नाराज़गी खत्म

समर न्यूज़ |अमृतसर



श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जथेदार और श्री केसगढ़ साहिब के जथेदार के रूप में ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज की नियुक्ति को लेकर चल रहा विवाद अब समाप्त हो गया है। शनिवार को उन्हें पंथक परंपराओं के अनुसार दोबारा दास्तार सजाकर सम्मानित किया गया।

पूर्व जथेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह और विभिन्न निहंग जत्थेबंदियों ने श्री केसगढ़ साहिब में पंथक रस्मों के तहत उनकी दास्तारबंदी की, जिससे सिख संगठनों में पिछले आठ महीनों से चल रहा विवाद शांत हो गया। गड़गज ने इस अवसर पर सभी सिख जत्थेबंदियों से एकजुट होकर श्री अकाल तख्त साहिब की छत्रछाया में कार्य करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 10 मार्च को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरु ग्रंथ साहिब जी, गुरु पंथ और संगत की मौजूदगी के बिना ही गड़गज की दास्तारबंदी की थी। इस वजह से कई पंथक संगठनों और सम्प्रदायों ने विरोध जताया था।

सूत्रों के अनुसार, एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी और श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जथेदार गियानी रघुबीर सिंह ने अंततः राजनीतिक दबाव में गड़गज की नियुक्ति को स्वीकार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पंथ में अपनी कमजोर पकड़ को मजबूत करने के लिए 10 मार्च की आधी रात को गुप्त रूप से गड़गज को जथेदार नियुक्त किया था। जब इस पर विरोध शुरू हुआ, तो सुखबीर बादल ने व्यक्तिगत तौर पर हस्तक्षेप किया और प्रमुख सिख संगठनों व सम्प्रदायों से मुलाकात कर उन्हें गड़गज की नियुक्ति स्वीकार करने के लिए मनाया। इसी के चलते यह ताजपोशी समारोह दोबारा आयोजित किया गया।

## सिंगापुर में भारतीय नर्स को छेड़छाड़ के आरोप में कोड़े की सजा

**नई दिल्ली**| सिंगापुर की एक अदालत ने एक भारतीय नर्स को पुरुष विजिटर से छेड़छाड़ के मामले में एक साल दो महीने की जेल और दो कोड़ों की सजा सुनाई है। 34 वर्षीय नर्स एलीपे सिवा नागु सिंगापुर के प्रतिष्ठित रैफल्स अस्पताल में कार्यरत था। घटना जून महीने की है, जब उसने अस्पताल आए एक पुरुष आगंतुक के साथ अनुचित व्यवहार किया था। आरोपी ने अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, 18 जून को पीड़ित व्यक्ति अपने दादा से मिलने नॉर्थ ब्रिज रोड स्थित अस्पताल पहुंचा था। शाम करीब 7:30 बजे जब वह मरीजों के लिए बने शौचालय में गया, तो वहां मौजूद एलीपे ने झांकना शुरू कर दिया। उसने पीड़ित से कहा कि वह "साफ-सफाई" में मदद करना चाहता है, और इसी बहाने उसने अपने हाथों पर साबुन लगाकर उसके साथ अनुचित शारीरिक छेड़छाड़ की। पीड़ित व्यक्ति उस समय स्तब्ध रह गया और भय के कारण तुरंत कुछ नहीं कह सका। बाद में वह अपने दादा के पास लौट गया और कुछ दिनों बाद घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 21 जून को मामला दर्ज किया और आरोपी को दो दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। सुनवाई में अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए जेल और शारीरिक दंड की सजा दी। अस्पताल प्रशासन ने आरोपी नर्स को घटना के तुरंत बाद निलंबित कर दिया गया था।

## सरकार 1 से शुरू करेगी सरल जीएसटी पंजीकरण प्रणाली

**नई दिल्ली**| सरकार 1 नवंबर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की सरलीकृत पंजीकरण प्रणाली लागू करने जा रही है। नई व्यवस्था के तहत नए आवेदकों को मात्र तीन कार्य दिवसों के भीतर पंजीकरण की मंजूरी मिल जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह जानकारी गाजियाबाद में नए सीजीएसटी भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि जीएसटी परिषद द्वारा अनुमोदित "जीएसटी 2.0" व्यवस्था का उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और मानव हस्तक्षेप रहित बनाना है। नई प्रणाली में स्वचालित पंजीकरण दो श्रेणियों के लिए उपलब्ध होगा। वे आवेदक जिन्हें सिस्टम द्वारा जोखिम और डेटा विश्लेषण के आधार पर चिन्हित किया गया है, और वे जो स्वयं यह घोषित करते हैं कि उनकी मासिक आउटपुट टैक्स देयता 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी।

वित्त मंत्री के अनुसार, इस नई प्रक्रिया से लगभग 96 प्रतिशत नए आवेदक सीधे लाभान्वित होंगे। सीतारमण ने कहा कि अब सरकार का फोकस नीति निर्माण से हटकर उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर है। उन्होंने केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों से अपील की कि वे सुधारों को बिना अनावश्यक विलंब के लागू करें और सुनिश्चित करें कि सिस्टम विवेकाधीन नहीं बल्कि व्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से काम करे।

**50 साल पुरानी मांग अब पूरी**

## राजपुरा-मोहाली रेल लिंक जमीन अधिग्रहण को मंजूरी




*▪ 443 करोड़ की लागत से बनेगी 18.11 किमी लंबी लाइन ▪ मालवा के 13 जिलों का होगा सीधा संपर्क चंडीगढ़ से*

समर न्यूज़| पटियाला/चंडीगढ़

केंद्र सरकार ने लंबे समय से लंबित राजपुरा–मोहाली रेलवे लाइन परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण को औपचारिक मंजूरी दे दी है। अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होते ही रेलवे ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, यह परियोजना एक साल के भीतर शुरू होकर दो से तीन वर्षों में पूरी करने का लक्ष्य है। इस रेलवे लिंक की मांग पहली बार 1976 में संसद में कांग्रेस सांसद नारायण चंद पराशर और रघुनंदन लाल ने उठाई थी। लगभग पांच दशक पुरानी इस मांग को अब जाकर केंद्र की भाजपा सरकार ने हरी झंडी दी है।

### ▪ परियोजना का खाका...

*राजपुरा से मोहाली तक बनने वाली 18.11 किमी. रेल लाइन 443 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जाएगी। इससे मालवा क्षेत्र के 13 जिले- पटियाला, संगरूर, बरनाला, मलेरकोटला, फतेहगढ़ साहिब, मोहाली आदि को राज्य की राजधानी चंडीगढ़ से सीधा रेल संपर्क मिलेगा। केंद्र सरकार की आज की अधिसूचना के अनुसार, इस लाइन के लिए पटियाला, फतेहगढ़ साहिब और साहिबजादा अजीत सिंह नगर जिलों के गांवों की 52.84 हेक्टेयर भूमि अधिगृहित की जाएगी। रवनीत बिट्टू ने कहा परियोजना के लिए अधिग्रहित अधिकतर जमीन कृषि क्षेत्र में नहीं आती। हम किसान संगठनों से अपील करते हैं कि वे इस 50 साल पुराने सपने को साकार करने में सहयोग दें।*

### ▪ कनेक्टिविटी और यात्रियों को लाभ

*फिलहाल लुधियाना से चंडीगढ़ जाने वाली ट्रेनों को अंबाला होकर गुजरना पड़ता है, जिससे यात्रा दूरी और समय दोनों बढ़ जाते हैं। नई लाइन से यात्रा दूरी करीब 66 किलोमीटर कम होगी और पटियाला–चंडीगढ़ के बीच यात्रा समय में बड़ा सुधार आएगा। इस लिंक के पूरा होने से राजपुरा-अंबाला रूट पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा। सराय बंजारा के पास मोहाली रेल लिंक को सीधे सरहिंद–राजपुरा रेल मार्ग से जोड़ा जाएगा। यह मार्ग खेती-बाड़ी उत्पादों की आवाजाही तेज़ करेगा और उद्योगों के परिवहन खर्च में कमी लाएगा। साथ ही गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब, शेख अहमद अल-फारूकी अल-सिरहिंदी की दरगाह, तोदर मल की हवेली और सांगोल संग्रहालय जैसे धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।*

### ▪ कृषि पर कम असर, विकास को बढ़ावा

*केंद्र के अनुसार, उपलब्ध विकल्पों में यह रूट सबसे कम कृषि भूमि को प्रभावित करता है, जिससे किसानों पर इसका असर न्यूनतम रहेगा। इस लाइन के बनने से मालवा के लाखों लोग, सरकारी कर्मचारी, छात्र और मरीज जो रोजाना चंडीगढ़ आते-जाते हैं, उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा, विशेष रूप से पीजीआई चंडीगढ़ जैसे संस्थानों तक पहुंच आसान होगी। राजपुरा–मोहाली रेल लिंक से न सिर्फ़ परिवहन नेटवर्क मज़बूत होगा, बल्कि यह राज्य के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक एकीकरण का नया अध्याय भी साबित होगा।*

## अजब-गजब

### किसान संजू की 'देसी' एंट्री ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल

# बैलगाड़ी में आया, 1.5 करोड़ की लग्ज़री कार लेकर लौटा

समर न्यूज़ | बेंगलुरु

एक ओर जहाँ लोग नई कार लेने के लिए लिमोज़ीन और एसयूवी में पहुंचते हैं, वहीं कर्नाटक के एक किसान ने परंपरा और आधुनिकता का ऐसा मेल दिखाया कि पूरा इंटरनेट दंग रह गया। किसान संजू, जो अपनी देसी पहचान और सोशल मीडिया उपस्थिति के लिए मशहूर हैं, 1.5 करोड़ की टोयोटा वेलफायर की डिलीवरी लेने बैलगाड़ी पर पहुंचे और देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया। सफेद कुर्ता-धोती, भारी सोने की चेन और अंगूठियाँ पहने संजू जब बैलगाड़ी पर बैठकर टोयोटा शोरूम पहुंचे, तो सड़कों पर लोग फोटो और वीडियो लेने लगे। भीड़ में किसी ने कहा — "कृषि में भी लग्ज़री का लेवल बढ़ गया!" शोरूम स्टाफ ने फूलों से सजी कार के साथ उनका स्वागत किया। पारंपरिक पूजा के बाद संजू ने अपनी नई वेलफायर एमपीवी की चाबी ली और मुस्कुराते हुए बोले,"मैंने बैलगाड़ी से शुरुआत की थी, इसलिए नई कार की डिलीवरी भी उसी से लेनी थी।"




### देसी दिल, विदेशी स्टाइल

*संजू के पास पहले से ही कई लग्ज़री कारें हैं — पोर्श पनामेरा, फोर्ड मस्टैंग, मसेराती लेवांटे, टॉयोटा फॉर्च्यूनर और इनोवा हाईक्रॉस। लेकिन इस बार उन्होंने अपनी नई वेलफायर की डिलीवरी को एक "यादगार पल" बनाने की ठानी। उनका वीडियो "Farmer buying luxury car" शीर्षक से यूट्यूब पर अपलोड किया गया है, जो अब लाखों व्यूज़ बटोर चुका है।*

### क्या है खास टोयोटा वेलफायर में...

*यह एमपीवी भारत की सबसे प्रीमियम गाड़ियों में से एक मानी जाती है। इसमें दो कैप्टन सीटें, रूफ-माउंटेड एंटरटेनमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रिक रिक्लाइनिंग सीटें और डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर जैसी सुविधाएँ हैं। सुरक्षा के लिए ADAS, 360-डिग्री कैमरा और ऑटो ब्रेक-होल्ड जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसका 2.5-लीटर हाइब्रिड इंजन 193 PS पावर और 240 Nm टॉर्क पैदा करता है — यानी ताकत भी, आराम भी।*

### सोशल मीडिया पर तारीफों की बौछार

*वीडियो के वायरल होते ही लोग जमकर तारीफें करने लगे —"किसान हो तो ऐसा — मिट्टी से जुड़ा, पर सोच आसमान जैसी।" "बैलगाड़ी में आया, वेलफायर में गया — यही है इंडिया की असली कहानी।" संजू की यह "मास एंट्री" अब न सिर्फ़ इंटरनेट की चर्चा बन गई है, बल्कि यह संदेश भी दे रही है कि किसान आज भी जड़ों से जुड़ा है, चाहे सफलता कितनी भी ऊँचाई पर क्यों न पहुँचे।*

## पंजाब में 11 दवाइयों के सैंपल फेल, 3 खांसी की सिरप शामिल

▪ सीडीएससीओ की रिपोर्ट में घटिया गुणवत्ता का खुलासा

समर न्यूज़ |चंडीगढ़

सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने देशभर में दवाइयों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 112 दवाइयों के नमूने गुणवत्ता जांच में फेल पाए गए, जिनमें से 11 पंजाब में निर्मित थे। सबसे ज्यादा 49 दवाइयां हिमाचल प्रदेश से, 16 गुजरात से, 12 उत्तराखंड से, 11 पंजाब से और 6 मध्य प्रदेश से थीं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि तीन खांसी की सिरप भी फेल हुईं, जिनमें से एक नकली पाई गई। इन दवाइयों का इस्तेमाल दिल की बीमारी, कैंसर, शुगर, हाई ब्लड प्रेशर, अस्थमा, संक्रमण, दर्द, सूजन, एनीमिया और मिर्गी जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में किया जाता है। कुछ दिन पहले ही पंजाब सरकार ने कोल्डरिफ खांसी की सिरप समेत आठ दवाइयों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब सीडीएससीओ की इस रिपोर्ट के बाद इन दवाओं वाले बैचों को बाजार से हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। सभी मेडिकल स्टोर्स, डॉक्टरों और अस्पतालों को इन दवाओं को तुरंत अलग रखने और मरीजों को सुरक्षित विकल्प देने के निर्देश जारी किए गए हैं। सितंबर 2025 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय प्रयोगशालाओं में 52 दवाएं केंद्रीय मानकों पर और 60 राज्य स्तरीय मानकों पर फेल हुईं।

# श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित आयोजनों की शुरुआत

## » कैबिनेट मंत्रियों ने गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में की अरदास, राज्य स्तर पर लगाए जाएंगे रक्तदान शिविर

**समर न्यूज़ | दिल्ली**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजनों की श्रृंखला की आज शुरुआत की। इसके बाद वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों ने गुरुद्वारा सीस गंज साहिब में अरदास की। "हिंद की चादर" के 350वें शहीदी दिवस की याद में हुई इस अरदास में कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा, हरजोत सिंह बैंस, हरभजन सिंह ई.टी.ओ., तरुनप्रीत सिंह सौंद, गुरमीत सिंह खुड्डियां, बरिंदर कुमार गोयल, हरदीप सिंह मुंडियां और डॉ. बलबीर सिंह, लोकसभा सदस्य डॉ. राज कुमार छब्बेवाल, राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी, विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार दीपक बाली तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।

मंत्रीगण, अधिकारी और संगत लाल किला से नंगे पांव गुरुद्वारा सीस गंज साहिब माथा टेकने पहुंचे। उन्होंने भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के पवित्र शहीदी स्थलों पर भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने गुरु के प्रति अपार श्रद्धा में अतुलनीय बलिदान दिया था।

मंत्रियों ने लोगों को गुरु जी के प्रेम, धर्मनिरपेक्षता, धार्मिक सहिष्णुता, धार्मिक स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के सार्वभौमिक संदेश का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह अवसर मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए गुरु साहिब द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के संदेश को फैलाने का है।

उन्होंने कहा कि नवें गुरु साहिब का जीवन और दर्शन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ है। मंत्रियों ने बताया कि राज्य सरकार ने इस भव्य आयोजन को उचित ढंग से मनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। मंत्रियों ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादर साहिब ने मानवता के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और पूरी दुनिया के लिए मिसाल कायम की। उन्होंने लोगों से गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादर जी ने मानव अधिकारों और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दिल्ली में अपना जीवन बलिदान किया जो विश्व इतिहास में एक अद्वितीय उदाहरण है।

मंत्रियों ने कहा कि नवें सिख गुरु धर्मनिरपेक्षता, एकता और विश्व-भाईचारे के सच्चे प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब का जीवन और



दर्शन सदा मानवता के लिए प्रकाश का स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने बताया कि आज से शुरू होने वाली आयोजनों की श्रृंखला 25 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में संपन्न होगी। 1 से 18 नवंबर तक पंजाब के सभी जिलों में लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे, जो श्री गुरु तेग बहादर जी के महान जीवन और शिक्षाओं को दर्शाएंगे।

कैबिनेट मंत्रियों ने कहा कि गुरु साहिब जी से संबंधित कस्बों और नगरों में कीर्तन दरबार भी आयोजित किए जाएंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों को गुरु जी के दर्शन, उनके बलिदानों और शांति तथा मानवता के सनातन संदेश से अवगत कराना है, जो पूरी दुनिया में लाखों लोगों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि 18 नवंबर को श्रीनगर (जम्मू एवं कश्मीर) में कीर्तन दरबार होगा और 19 नवंबर को वहीं से नगर कीर्तन प्रारंभ होगा, जिसमें कश्मीरी पंडित भी संगत में शामिल होंगे। यह नगर कीर्तन 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब पहुंचेगा।

मंत्रियों ने कहा कि इसके अलावा, 20 नवंबर को तीन नगर कीर्तन तख्त श्री दमदमा साहिब (तलवंडी साबो), फरीदकोट और गुरदासपुर से शुरू होंगे और 22 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में एक साथ समापन होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब सरकार 23 से 25 नवंबर तक श्री आनंदपुर साहिब में भव्य आयोजन करेगी। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए "चक्क नानकी" नामक विशेष टेंट सिटी स्थापित की जाएगी।

मंत्रियों ने आगे बताया कि सर्व-धर्म सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जो गुरु जी के सद्भावना और विश्व-भाईचारे के संदेश का प्रतीक होगा। पवित्र नगर श्री आनंदपुर साहिब गुरु तेग बहादर जी के जीवन और शिक्षाओं को उजागर करने वाली विशेष प्रदर्शनी और ड्रोन शो की भी मेजबानी करेगा। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र श्री आनंदपुर साहिब में बुलाया जाएगा, जिसमें विशिष्ट हस्तियां गुरु साहिब के दर्शन, उनके मानवाधिकारों की रक्षा हेतु दिए बलिदान और धार्मिक स्वतंत्रता पर अपने विचार साझा करेंगी।

मंत्रियों ने बताया कि 25 नवंबर को राज्य स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, साथ ही वन विभाग द्वारा "सरबत दा भला इकत्तरता" के तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। यह भी बताया गया कि शहीदी समारोह के लिए विश्वभर के आध्यात्मिक नेताओं और संतों से विचार-विमर्श किया गया है, जिन्होंने अपने आशीर्वाद और मूल्यवान सुझाव दिए हैं।

मंत्रियों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार इन ऐतिहासिक आयोजनों का आयोजन करके गौरव का अनुभव कर रही है। उन्होंने देश-विदेश के श्रद्धालुओं और सिख संगत से इन आयोजनों में भाग लेने की अपील की।

# जापानी प्रतिनिधिमंडल ने स्पीकर से की मुलाकात

## » पंजाब में निवेश की इच्छा व्यक्त की



**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा के स्पीकर श्री कुलतार सिंह संधवां ने आज एक विशेष जापानी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जो पंजाब में निवेश करने का इच्छुक है। मुलाकात के दौरान स्पीकर ने बताया कि पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है, साथ ही अब यह औद्योगिक क्षेत्र के लिए भी एक उभरता हुआ केंद्र बन रहा है। स्पीकर ने प्रतिनिधिमंडल से पंजाब में निवेश के अवसरों की पड़ताल करने और पारस्परिक हितों के लिए निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने उद्योगपतियों की सुविधा के लिए पारदर्शिता और भरोसेमंद व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए एक स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार किया है।

स्पीकर ने प्रतिनिधिमंडल को पंजाब सरकार के 'इन्वेस्ट पंजाब' प्लेटफॉर्म के बारे में भी जानकारी दी जिसमें राज्य सरकार द्वारा एक सिंगल विंडो पोर्टल शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से निवेशक 45 दिनों के भीतर सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य की व्यवसाय-हितैषी नीतियाँ और निवेश के व्यापक अवसर निवेशकों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगे।

श्री संधवां ने उन्हें 'प्रोग्रेसिव पंजाब निवेशक सम्मेलन' के बारे में भी अवगत कराया, जिसमें पंजाब में निवेश को और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थानीय और विदेशी निवेशकों के साथ विचार-विमर्श किया जाता है। बैठक के दौरान फिट फाउंडर कंपनी लिमिटेड के सीईओ शिनतारो हाचिगा और सीओओ ताकामासा सुजी भी उपस्थित थे।

# पी.सी.एस. परीक्षा देने के इच्छुक विद्यार्थियों ने निःशुल्क कोचिंग प्राप्त की : स्पीकर संधवां

## » सरकार पंजाब में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कई पहल कर रही

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पी.सी.एस. परीक्षा देने के इच्छुक पंजाब के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए, पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने बताया कि प्रदेशभर के कुल 5764 विद्यार्थियों ने राज मल्होत्रा आई.ए.एस. स्टडी ग्रुप, चंडीगढ़ से पी.सी.एस. (एक्जीक्यूटिव)-2025 की प्रारंभिक परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को निःशुल्क नोट्स/सामग्री उपलब्ध करवाई गई, ताकि विद्यार्थी अपनी अपार संभावनाओं को पहचान सकें और समर्पण के साथ अपनी किस्मत



को नया आकार दे सकें। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार पंजाब में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कई पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ की हड्डी है और हमारी सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस पहल के तहत, पंजाब के युवाओं की कड़ी मेहनत को एक नई दिशा मिलेगी और सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। स्पीकर ने आगे कहा कि यह कदम इतिहास में पंजाब, पंजाबी संस्कृति और पंजाबियों की तरक्की के लिए एक मिसाल के रूप में दर्ज रहेगा। इस प्रतिष्ठित संस्था से कोचिंग प्राप्त करने के बाद विद्यार्थियों ने अत्यंत खुशी व्यक्त की।

विद्यार्थियों ने स्पीकर का दिल से धन्यवाद किया, जिनके प्रयासों से पंजाब के विद्यार्थियों को राज मल्होत्रा आई.ए.एस. स्टडी ग्रुप, चंडीगढ़ से पी.सी.एस. (एक्जीक्यूटिव)-2025 की प्रारंभिक परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करने का अवसर मिला।

# पंजाब पुलिस ने 90 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाई गई मुहिम "युद्ध नशों विरुद्ध" के 238वें लगातार दिन, पंजाब पुलिस ने शनिवार को राज्यभर में 344 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 90 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और 78 एफआईआर दर्ज कीं। इसके साथ ही, 238 दिनों में अब तक कुल 34,082 नशा तस्कर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। छापेमारी के परिणामस्वरूप गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 6.1 किलो हेरोइन, 1.7 किलो अफीम, 696 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 29,490 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा-



मुक्त राज्य बनाने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ चल रही जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति का गठन भी किया है। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 344 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। पंजाब पुलिस ने 41 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# छठ पूजा की रौनक, जालंधर बाईपास से गैसपुरा तक सजे बाजार

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर शहर में खूब रौनक देखने को मिल रही है। रविवार को जालंधर बाईपास के पास, शेरपुर और गैसपुरा इलाकों में लगने वाली मार्किटों में सुबह से ही खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

महिलाओं ने पूजा में इस्तेमाल होने वाले सूप, टोकरी, नारियल, गन्ना, केले, फल और सजावटी सामान खरीदे। बाजारों में इतनी भीड़ रही कि कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस को वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करनी पड़ी। दुकानदारों के चेहरों पर भी खुशी झलक रही थी, क्योंकि इस बार बिक्री



जालंधर बाईपास के पास लगी मार्किट में खरीदारी करते लोग। (फोटो : इकबाल हैप्पी)

पिछले साल की तुलना में बेहतर रही। वहीं प्रधान धीरज यादव चेयरमैन विजय सिंह और सेवादार रवि झा ने बताया निगम की ओर से छठ घाटों की सफाई और सजावट का काम भी तेजी से किया जा रहा है। लुधियाना में पूर्वांचल और बिहार मूल के लोगों में इस पर्व को लेकर खास उत्साह है। श्रद्धालु सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# माहौल बिगाड़ने वाले 100 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**दरशन संधू | तरन तारन**
**समर न्यूज़**

विधानसभा क्षेत्र तरन तारन में होने वाले उपचुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। क्षेत्र के तीन थानों सरा अमानतखां, झब्बाल और सिटी तरन तारन की पुलिस ने ऐसे करीब 100 लोगों की पहचान की है, जो चुनावी माहौल को खराब कर सकते हैं। इन सभी के खिलाफ माहौल बिगाड़ने की आशंका जताते हुए मामले दर्ज कर लिए गए हैं और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग की हिदायतों पर पुलिस ने खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर उन लोगों की सूची तैयार की है, जिन पर पहले से 3 से 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं। संबंधित व्यक्तियों को एसडीएम तरन तारन की अदालत से जमानत करवाने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो पुलिस किसी भी समय उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। पुलिस की इस कार्रवाई का शिअरोमणि अकाली दल (बादल) ने कड़ा विरोध किया है। पार्टी का कहना है कि उनके कई कार्यकर्ताओं के नाम इन मामलों में शामिल किए गए हैं। पार्टी अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर शनिवार दोपहर 12 बजे अमृतसर बाईपास चौक, तरन तारन में पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन की घोषणा की है।

# अमृतसर में दो आईईडीज़ और एक पिस्तौल सहित आतंकवादी मॉड्यूल का मुख्य संचालक गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने के अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने एक आतंकवादी मॉड्यूल के मुख्य संचालक को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से लगभग 2.5-2.5 किलोग्राम वज़न वाले दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडीज़), जो हाई-ग्रेड आरडीएक्स से धातु के कन्टेनरों में पैक किए गए थे और धमाके के लिये टाइमरों से लैस थे, तथा एक आधुनिक .30 बोर पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। यह जानकारी आज यहां पंजाब पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ टिड्डी, निवासी गांव कोटला तरखाना, अमृतसर के रूप में हुई है। यह व्यक्ति आपराधिक पृष्ठभूमि वाला है और इसके खिलाफ थाना सदर बटाला और कलानौर में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुरदासपुर और अमृतसर की जेलों में लगभग डेढ़ साल की सज़ा पूरी करने के बाद इसे फरवरी 2025 में रिहा किया गया था और जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से आपराधिक गतिविधियां शुरू कर दीं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह आरोपी आर्मेनिया, यूनाइटेड किंगडम (यूके) और जर्मनी में स्थित



अपने हैंडलरों के निर्देशों पर काम कर रहा था, जिन्हें एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के पाकिस्तान-स्थित मास्टरमाइंड से आदेश मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मामले के अन्य संबंधों का पता लगाने और पूरे नेटवर्क को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने संदिग्ध मनप्रीत सिंह उर्फ टिड्डी को गिरफ्तार किया और उसके पास से .30 बोर की पिस्तौल और कारतूस बरामद किए। आरोपी के खुलासे पर गांव कोटला तरखाना क्षेत्र से दो आइइडीज़ भी बरामद की गईं, जो हाई-ग्रेड आरडीएक्स से धातु के कन्टेनरों में पैक की गयी थीं और धमाके के लिये टाइमरों से लैस थीं।

एआईजी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि लगभग दो हफ्ते पहले, जब्त की गयी यह खेप पाकिस्तान-आधारित हैंडलर द्वारा अजनाला सेक्टर में ड्रोन के जरिए भेजी गई थी। गिरफ्तार व्यक्ति ने यह खेप प्राप्त कर अपने गांव कोटला तरखाना के पास एक नहर के किनारे छिपा दी थी। उसके हैंडलरों ने उसे सतर्क रहने और इन आइइडीज़ को इच्छित प्रयोग के लिये किसी अन्य व्यक्ति को सौंपने के लिए अगले आदेशों की प्रतीक्षा करने को कहा था। इस संबंध में एफआईआर नंबर 63, दिनांक 25.10.2025 को आर्म्स एक्ट की धारा 25, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3, 4 और 5, तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111 और 61(2) के तहत थाना एसएसओसी अमृतसर में दर्ज की गई है।

# प्रॉपर्टी डीलर गोरा अटवाल पर गोली चलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



**समर न्यूज़ | जालंधर**
**समर न्यूज़**

फिल्लौर थाना क्षेत्र के अटवाल हाउस कॉलोनी के एमडी मंदीप सिंह गोरा पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान करण गोयल निवासी अपरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई काली थार गाड़ी भी बरामद कर ली है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी सरवन सिंह बल ने बताया कि घटना का मुख्य आरोपी राहुल अभी तक फरार है। पूछताछ में पता चला है कि करण गोयल ने राहुल को भागने में मदद की थी और उसे पनाह भी दी थी। डीएसपी ने आगे बताया कि पीड़ित के बयानों के आधार पर एक नया मामला दर्ज किया गया है, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल के माता-पिता और अन्य रिश्तेदारों को भी नामजद किया गया है। पुलिस अब राहुल की तलाश में दबिशें दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच जारी है।

# माहौल बिगाड़ने वाले 100 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**दरशन संधू | तरन तारन**
**समर न्यूज़**

विधानसभा क्षेत्र तरन तारन में होने वाले उपचुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। क्षेत्र के तीन थानों सरा अमानतखां, झब्बाल और सिटी तरन तारन की पुलिस ने ऐसे करीब 100 लोगों की पहचान की है, जो चुनावी माहौल को खराब कर सकते हैं। इन सभी के खिलाफ माहौल बिगाड़ने की आशंका जताते हुए मामले दर्ज कर लिए गए हैं और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग की हिदायतों पर पुलिस ने खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर उन लोगों की सूची तैयार की है, जिन पर पहले से 3 से 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं। संबंधित व्यक्तियों को एसडीएम तरन तारन की अदालत से जमानत करवाने के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो पुलिस किसी भी समय उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। पुलिस की इस कार्रवाई का शिअरोमणि अकाली दल (बादल) ने कड़ा विरोध किया है। पार्टी का कहना है कि उनके कई कार्यकर्ताओं के नाम इन मामलों में शामिल किए गए हैं। पार्टी अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर शनिवार दोपहर 12 बजे अमृतसर बाईपास चौक, तरन तारन में पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। चुनाव आयोग और प्रशासन की सख्ती के बीच यह कदम उपचुनाव को शांति और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# ढाबे पर खाना खा रहे तीन युवकों पर 30 से ज्यादा हमलावरों का हमला

**समर न्यूज़ | कपूरथला**

कपूरथला-सुल्तानपुर लोधी रोड पर स्थित गांव खेड़ा दोनां के पास शनिवार देर रात एक ढाबे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब करीब 30-35 हमलावरों ने तीन युवकों पर तेजधार हथियारों और गोलियों से हमला कर दिया। वारदात में एक युवक को गोली लगी, जबकि दो अन्य युवक धारदार हथियारों के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान करणबीर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह निवासी सैदपुर, रिंकू निवासी शेखूपुर और गुरविंदर सिंह निवासी करतारपुर के रूप में हुई है। सभी को सिविल अस्पताल कपूरथला में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने गुरविंदर सिंह की गंभीर हालत देखते हुए उसे अमृतसर के हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल करणबीर सिंह ने बताया कि वह तीनों दोस्त ढाबे पर खाना खा रहे थे, तभी चार-पांच गाड़ियों में सवार होकर 30 से अधिक युवक वहां पहुंचे और तेजधार हथियारों से हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली गुरविंदर सिंह को लगी, जबकि करणबीर और रिंकू को हथियारों के वार से चोटें आईं। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। रिंकू, जो इस समय सिविल अस्पताल में भर्ती है, ने आरोप लगाया कि हमलावर नशे का धंधा करते हैं और जब उन्होंने उन्हें ऐसा करने से रोका, तो उन्होंने रंजिशवश हमला कर दिया।

# सरकारी स्कूल में खेलते समय छात्र की टांग टूटी, सिविल अस्पताल में भर्ती

**राजू गुप्ता | फगवाड़ा**
**समर न्यूज़**

फगवाड़ा के पास स्थित गांव पाष्टा के सरकारी स्कूल में खेलते समय एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। खेल के दौरान बच्चे की टांग में फ्रैक्चर हो गया, जिसके बाद उसे तुरंत सिविल अस्पताल फगवाड़ा में भर्ती कराया गया।

पीड़ित बच्चे के पिता संजय शर्मा ने बताया कि उनका बेटा, जो सरकारी स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता है, फुटबॉल खेलते समय गिर गया था। गिरने के दौरान दूसरे बच्चे के ऊपर आने से उसकी टांग में गंभीर चोट लग गई। स्कूल शिक्षकों के अनुसार, उस समय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए रिहर्सल चल रही थी। हादसे के बाद स्टाफ ने बिना देर किए बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की टांग में फ्रैक्चर है और उसका उपचार जारी है। हादसे के बाद स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों को आश्वासन दिया है कि भविष्य में बच्चों की सुरक्षा पर और अधिक ध्यान दिया जाएगा।



# तरनतारन उपचुनाव...

# पंथक वोट बंटे दो ध्रुवों में, कहीं 'झाड़ू' न फिर जाए सभी पार्टियों की क़िस्मत पर

» सियासी तीर : पंजाब की सियासत की नई दिशा तय करने वाली निगाहें; अकाली दल, आप, कांग्रेस और पंथक गुटों में खींचतान तेज



अकाली दल वारिस पंजाब पार्टी के मंदीप सिंह के साथ पंथक नुमाइंदे।



करणवीर सिंह के साथ पंजाब प्रधान राजा वड़िंग और अन्य नेता।



सुखविंदर कौर के चुनाव प्रचार में सुखबीर बादल व अन्य नेता।



भाजपा उम्मीदवार हरजीत सिंह चुनाव प्रचार करते हुए।



चुनाव प्रचार के दौरान सीएम मान के साथ मंत्री अमन अरोड़ा।

तपिन मल्होत्रा | चंडीगढ़
समर न्यूज़

तरनतारन की जमीन पर 11 नवंबर को होने वाला उपचुनाव सिर्फ़ एक सीट की लड़ाई नहीं है, बल्कि पंजाब की सियासत के पंथक समीकरणों का अगला इम्तिहान साबित होने जा रहा है। तरनतारन की गलियों में अभी कोई लहर नहीं, बस चर्चा है — "इस बार कौन बोलेगा कौम की ज़ुबान?" लोग कह रहे हैं —"पंथक वोट जिस दिशा में मुड़ेगा, वहीं से पंजाब की सियासत का नया रास्ता निकलेगा।" आम आदमी पार्टी के विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई इस सीट पर अब जो मुकाबला बन रहा है, उसमें परंपरागत दलों के साथ पंथक धड़ों की एंट्री ने चुनावी हवा का रुख बदल दिया है।

## ▪ आम आदमी पार्टी के लिए साख का सवाल, शिरोमणि अकाली दल के लिए अस्तित्व की परीक्षा

*आम आदमी पार्टी की कोशिश है कि इस सीट पर जीत हासिल कर अपने ग्रामीण वोट बैंक को बरकरार रखे। 2022 में भगवंत मान लहर की बदौलत यह सीट आप के खाते में आई थी, लेकिन इस बार हालात कुछ अलग हैं, सरकार के लिए स्थानीय समस्याएं, गुटबाजी और किसानों की बेरुख़ी इनकी मुश्किलें बढ़ा रही हैं। वहीं, शिरोमणि अकाली दल के लिए यह उपचुनाव "वजूद की परीक्षा" बन चुका है। पार्टी प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने इस बार धर्मी फौजी की पत्नी सुखविंदर कौर को मैदान में उतारा है। उनके साथ में 43 मौजूदा सरपंच और करीब 25–30 ब्लॉक समिति सदस्य भी उनके साथ खड़े हैं। सुखबीर बादल को उम्मीद है कि यह चुनाव उनकी पार्टी की "कमबैक स्टोरी" साबित होगा, लेकिन मंदीप सिंह ने उनके पंथक वोट बैंक में सेंध लगा दी है।*

**▪ पंथक राजनीति का नया चेहरा- मंदीप सिंह...**

*तरनतारन में चुनावी माहौल की सबसे बड़ी हलचल पंथक उम्मीदवार मंदीप सिंह के उतरने से मची है। मंदीप सिंह वही हैं, जिनके भाई संदीप सिंह हैं, जो संदीप सूरी की हत्या के मामले में पटियाला जेल में सजा काट रहा है। संदीप ने जेल में ही सूबा सिंह पूर्व पुलिस अधिकारी की हत्या कर दी थी, जिसके बाद संदीप को कौम का हीरा बताया गया था। अब उसी पंथक लहर को भुनाने के लिए अमृतपाल सिंह के गुट और ज्ञानी हरप्रीत सिंह के धड़े ने मंदीप सिंह को खुला समर्थन दे दिया है। यह वही पंथक वोट बैंक है, जो 1980–90 के दशक से अकाली राजनीति की रीढ़ माना जाता रहा है। लेकिन इस बार यह वोट बैंक दो ध्रुवों में बंट गया है - एक तरफ सुखबीर बादल का पारंपरिक धड़ा, दूसरी तरफ मंदीप सिंह का उभरता पंथक चेहरा। ऐसे में सवाल है कि क्या यह बिखराव 'झाड़ू' के लिए संजीवनी बन जाएगा?*

**▪ बीजेपी की नजर 2027 पर...**

*तरनतारन का उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए एक "टेस्ट ग्राउंड" है। पार्टी ने हरजीत सिंह संधू को टिकट दिया है, जो 2022 में अकाली दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। हालाँकि तरनतारन का 80% वोट बैंक पंथक है, पर भाजपा यहां 2027 के लिए "हिंदू मतदाता और शहरी वर्ग" की स्थिति को परखना चाहती है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि "अगर 2025 में पंथक वोट कांग्रेस, आप और अकाली में बंटते हैं, तो 2027 में भाजपा ग्रामीण पंजाब में एंट्री कर सकती है।"*

**▪ कांग्रेसः बयानबाज़ी और गुटबाजी की दोहरी मुश्किल...**

*कांग्रेस ने करणबीर सिंह बुर्ज को उम्मीदवार बनाया है, लेकिन पार्टी के भीतर गुटबाजी और विवादित बयान इस बार सबसे बड़ी चुनौती हैं। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग के हालिया बयान —"लोग खुद फैसला करें, हिंदुस्तान को वोट देना या खालिस्तान को" ने न सिर्फ़ विवाद खड़ा कर दिया, बल्कि सोशल मीडिया पर पार्टी के खिलाफ़ लहर भी पैदा कर दी है। स्थानीय नेता मानते हैं कि वडिंग का यह बयान "ध्रुवीकरण" का फायदा आप और अकाली दल को दे सकता है।*

*▪ हरमीत संधू से आप को आस...*

*सुखबीर सिंह बादल व बिक्रम सिंह मजीठिया के करीबी रहे हरमीत सिंह संधू ने नवंबर 2024 में शिअद से त्याग पत्र दे आप का दामन थामा। संधू की पार्टी में एंट्री वीआईपी ढंग से हुई। उनको चंडीगढ़ आने के लिए भगवंत मान ने अपना चॉपर भेजा। कहा जाता है कि संधू को पार्टी में शामिल करने से पहले भगवंत मान ने टीम के माध्यम से सर्वे करवाया। हरमीत संधू 2002 में बतौर आजाद उम्मीदवार जीते थे। अब तक पिछले उपचुनाव का रिकॉर्ड यही कहता है कि सत्ताधारी ही जीतती रही। दूसरी वजह ये है कि अकाली दल दो धड़ों में बंटा हुआ और पंथक वोट बैंक भी दो गुटों में बंटता दिख रहा है। इसलिए आप प्रत्याशी के जीतने के मौके ज्यादा बन रहे हैं।*

### तरनतारन की चुनावी ज़मीन -पंथक ध्रुवों की नई जंग

*तरनतारन में 80% से अधिक सिख आबादी है। यह सीट हमेशा धार्मिक-सांस्कृतिक मुद्दों से प्रभावित रही है। 2017 में कांग्रेस, 2022 में आम आदमी पार्टी — और अब 2025 में पंथक गठजोड़ — तीनों लहरों ने यहां बारी-बारी से असर डाला है। अबकी बार समीकरण कहीं ज़्यादा जटिल हैं।*

*▪ अकाली दल के पारंपरिक ग्रामीण वोट में मंदीप सिंह की सेंध।*

*▪ कांग्रेस की गुटबाजी।*

*▪ भाजपा की प्रयोगात्मक रणनीति।*

*▪ और आप के लिए सत्ता-विरोधी रुझान।*

*इन सबके बीच, एक बात साफ़ है कि तरनतारन का यह उपचुनाव 2027 की पंजाब की राजनीति की धुरी तय करेगा। अगर पंथक वोट फिर बंटे, तो फायदा आम आदमी पार्टी के खाते में जा सकता है। लेकिन अगर पंथक वोट एकजुट हुए, तो यह सुखबीर बादल के लिए पुनर्जीवन का क्षण भी बन सकता है।*

## जन्मदिन/शादी मुबारक

**शादी की वर्षगांठ, नवविवाहित जोड़ा या बच्चे के जन्मदिन की फोटो छपवाने के लिए इस नंबर 7986630191 पर भेजें। फोटो भेजते वक्त नाम, उम्र और पता जरूर लिखें। ये सभी फोटो मुफ्त प्रकाशित होंगी।**

## "मैं बोलूंगा तो...



*▪ प्रपंच खुद की सुरक्षा के लिए लिखते हैं प्रेस नोट*

*पंजाब में गनमैन रखना अब "सुरक्षा" नहीं, "स्टेटस" का प्रतीक बन चुका है। यहाँ हर तीसरे नेता का सपना यही होता है — "चार गनमैन, एक बोलेरो और दो हूटर।" चाहे सरपंच हो, पार्षद हो या छुटभैया प्रवक्ता — सब अपनी "टोहर" दिखाने के लिए बंदूक़धारी साथ रखते हैं।*

*दूसरी ओर हिमाचल-उत्तराखंड में मंत्री भी आम आदमी के बीच ऐसे घूमते हैं जैसे गांव का बेटा शादी में आया हो — बिना सुरक्षा, बिना दिखावे के।*

*पर पंजाब में मामला उलटा है। यहाँ कुछ लोग "सुरक्षा पाने" के लिए पहले खुद को "धमकी" भेजते हैं। उर्दू में लिखे खत, खुद के पते पर — और फिर प्रेस नोटः "हमें आतंकियों से खतरा है!" दरअसल खतरा तो बस एक ही है — गुमनाम हो जाने का।*

*ये वही जमात है जो धमकी के बहाने "गनमैन" मांगती है और "इमेज बिल्डिंग" के नाम पर सरकार को ब्लैकमेल करती है। एक जनाब तो इतने रचनात्मक हैं कि खुद स्कूटर पर चलते हैं, पीछे बैठा होता है उनका मोटा गनमैन, मानो सिक्योरिटी नहीं, सीट बेल्ट हो!*

*अब ताज़ा किस्सा पटियाला का है। वहाँ एक साहब फरमा रहे हैं — "मेरी जान को खतरा है, एसएसपी ही मेरे पीछे पड़े हैं।" जैसे ही उन्होंने ये बोला, उनके सारे गनमैन अचानक बीमार या छुट्टी पर चले गए। अब जनाब मीडिया में बोले — "अगर मुझे कुछ हुआ तो जिम्मेदार डीजीपी होंगे!" ▪ जो उन्हें जानते हैं, मुस्कुरा कर कहते हैं — "भई, इतना डर है तो ये ड्रामा क्यों?"*

*सवाल ये नहीं कि सुरक्षा किसकी घटाई गई। सवाल ये है कि सुरक्षा का खेल अब राजनीति की चौपड़ पर प्यादा बन गया है।*

*यहाँ कोई किसी का गनमैन हटवाकर जीत मानता है, तो कोई "धमकी" दिखाकर नया गनमैन हासिल करता है।*

*सिस्टम अब सुरक्षा नहीं देता, फेवरेटिज्म बांटता है। कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साहब ने शिकायत में लिखा- "ये अफसर हिंदू नेताओं का फोन नहीं उठाते, मिलने जाओ तो दो-दो घंटे बैठाए रखते हैं।"*

*यानी अब सुरक्षा भी धर्म के चश्मे से देखी जाएगी!*

*लोकतंत्र की यही विडंबना है- नेता जनता की सुरक्षा की बात करते हैं, लेकिन खुद की सुरक्षा के लिए प्रेस नोट लिखते हैं। और अंत में वही क्लासिक डायलॉग- "मैं डरता नहीं अपनी सुरक्षा खुद करूंगा।" वाह साहब! डरते नहीं, पर बयान भी जारी करते हैं। लोग हँसते हैं — और यही व्यंग्य की जीत है। क्योंकि पंजाब की राजनीति में अब "सुरक्षा" नहीं, सस्पेंस और ड्रामा असली हथियार हैं।*

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत, परिजन बोले- नशे का इंजेक्शन लगाने से हुई मौत

### ▪ पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

समर न्यूज़ | लुधियाना

गांव रुड़का में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय गुरिंदर सिंह के रुप में हुई है। मृतक के पिता रसपाल सिंह ने बताया कि गांव के ही लड़के उनके बेटे को घर से बुलाकर लेकर गए थे। घर के पास में ही नाई की दुकान है वहां पर दो तीन मिनट के लिए वह बैठे थे। इसके बाद वह टावर कॉलोनी के पास जसपाल बागर की तरफ आ गए। वहां पर पता किस चीज का इन्होंने टीका लगाया। जैसे ही वह वहां पहुंचे तो उनका बेटा जमीन पर गिरा हुआ था। एक युवक के हाथ में सिरिंज थी। वहां उसके साथ मौजूद लड़के उसे उठाने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद वह उसे अस्पताल में लेकर गए वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि उनका बेटा ट्रक चलाता था। परिजनों ने बताया कि उनका बेटा कोई नशा नहीं करता था वह सिर्फ शराब पीता था। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जो लड़के उसे साथ लेकर गए थे उनकी वजह से ही उसकी मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि गांव रुड़का में काफी नशा होता है। उन्हें पता था कि जसपाल बागर की तरफ काफी नशा होता है। इसलिए वह उन लड़कों के पीछे वहां गए थे। स्थानीय निवासी रमनदीप सिंह ने बताया कि जिस युवक से उन्होंने नशा लिया वह अभी फरार है। गांव में कई लड़के नशा करते हैं। इन सभी लड़कों का इलाज होना चाहिए ताकि वह नशा छोड़ दें।



एएसआई मामले की जानकारी देते हुए।

## एसीपी का फोन हैक, लोगों को मैसेज भेज 'आपका रेड लाइट जंप का हुआ चालान, एप डाउनलोड करें

अशवनी पाहवा | लुधियाना

नौसरबाजों ने ऑनलाइन ठगी का नया रास्ता चुना है। नौसरबाजों ने लुधियाना के एसीपी पूर्वी के मोबाइल फोन को हैक कर लिया है। मोबाइल हैक कर उनके नंबर से उनके ही कांटेक्ट लिस्ट के लोगों को मैसेज भेजे जा रहे हैं। मैसेज में लिखा है कि आपका रेड लाइट सिगनल जंप करने का चालान काटा है। उक्त रेड लाइट सिगनल जंप करने की फोटो, ऑनलाइन चालान भरने के लिए एप का लिंक भी भेजा गया है। यह मैसेज कई लोगों को भेजे जा चुके हैं। जिन लोगों को मैसेज भेजे हैं उन लोगों द्वारा एसीपी पूर्वी को फोन किया गया तो उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। एसीपी पूर्वी सुमित सूद इन दिनों उत्तराखंड में तीर्थ यात्रा पर गए हुए हैं जिस कारण उनका मोबाइल बंद है। ऐसे में लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।



सुमित सूद।

### कितने लोग आए चंगुल में, यह की जा रही जांच





हैकर के द्वारा एसीपी के फोन से भेजा गया मैसेज।

नौसरबाजो द्वारा भेजे जा रहे इस तरह के मैसेज के बाद किन लोगों ने लिंक को ओपन किया है इस मामले की जांच की जा रही है। क्योंकि जिन लोगों ने ऐसे लिंक को ओपन किया उन लोगों के अकाउंट भी हैक होने की संभावना है। पुलिस अधिकारी द्वारा मैसेज और लिंक आने के कारण कुछ लोग तत्काल प्रभाव से उसको खोल लेते हैं जिस भी नुकसान होने की गुंजाइश ज्यादा है। पुलिस अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि यह मैसेज भेजने वाले कौन लोग है इसके बारे में भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है। वही पुलिस अधिकारियों ने जिन लोगों को ऐसे मैसेज गए हैं उनसे अपील की वह लोग लिंक को ना खोलें।

*▪ बता दे कि यह मैसेज पुलिस अधिकारियों सहित कई मीडिया कर्मियों को भी गये है। इसके बाद उन्होंने एसीपी सुमित सूद से संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन बंद होने के चलते उनसे बात नहीं हो पाई। एक रिटायर्ड इंस्पेक्टर के पास मैसेज पहुंचा, तो उन्होंने भी एसीपी से संपर्क करने की कोशिश की उनका फोन बंद होने पर उन्होंने थाना डिवीजन 7 के प्रभारी गगनदीप को मामले की जानकारी दी।*

*-साइबर सेल के*
***एसीपी मुराद***

*▪ जसबीर सिंह गिल ने बताया कि लोग इस तरह के मैसेज से सतर्क रहें, अगर इस तरह के कोई भी मैसेज उनके पास आते हैं तो उनको पहले वेरीफाई करें उसके बाद में ही ओपन करें। वही उन्होंने बताया कि मैसेज के साथ आने वाले एपीके लिंक को बिल्कुल भी क्लिक न करें। अगर आप एपीके लिंक को क्लिक करते हैं तो आपका फोन भी हैक हो जाएगा और आपके खाते में से पैसे निकलवा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल होने एसीपी सुमित सूद के मोबाइल हैक होने की सूचना नहीं मिली है वह अधिकारियों से बात कर जल्द ही मामले में कार्रवाई करेंगे।*

### मलेरकोटला में हुई पूर्व डीजीपी मुस्तफा के बेटे की अंतिम दुआ

## राजा वड़िंग बोले- मुस्तफा परिवार पाक साफ होकर आएगा, घिनौने इल्ज़ाम लगाने वालों पर लगेगा तमाचा

असलम नाज़/मलेरकोटला|
समर न्यूज़

पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पूर्व कैबिनेट मंत्री रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर की आत्मिक शांति के लिए मलेरकोटला रिहाइश पर अंतिम दुआ करवाई गई। मलेरकोटला स्थित घर में परिवार, नेताओं और लोगों ने कुरान की आयतों के जरिए दुआ की। इसमें पूर्व सीएम बीबी राजिंदर कौर भट्ठल, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, भाजपा नेता अरविंद खन्ना भी पहुंचे हैं। इस मौके पर राजा वड़िंग ने कहा कि मोहम्मद मुस्तफा और रजिया सुल्ताना के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी खड़ी है। किसी पर सवाल खड़े करना आसान है। मुझे बैठे बैठे याद आ रहा था ये दुनिया ये महफिल तेरे काम की नहीं। उन्होंने कहा कि परिवार कितनी विपदा में अपने बच्चे को पालता है। समय आते सबको जवाब मिल जाएगा। वो मानसिक तनाव में था। सीबीआई जांच करेगी तो दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। पोस्टमॉर्टम हुआ है। मुस्तफा साहब का परिवार लोगों के सामने पाक साफ होकर आएगा। उन लोगों के मुंह पर तमाचा होगा, जिन्होंने इस तरह के घिनौने इल्जाम लगाए हैं।वड़िंग ने कहा कि ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। किसी के घर में भी ऐसा हो सकता है। ऐसे माहौल में परिवार पर इस तरह सवाल खड़े न किए जाएं।बता दें कि 16 अक्टूबर को अकील अख्तर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। एक वीडियो के आधार पर पड़ोसी ने उनके पिता, मां, बहन और पत्नी के खिलाफ हत्या और आपराधिक साजिश का मुकदमा दर्ज कराया था। फिलहाल, मामले की जांच एसआईटी कर रही है। हरियाणा सरकार ने केंद्र को मामले की जांच सीबीआई से कराने के लिए भी पत्र लिखा है। हालांकि अभी तक केंद्र की ओर से इसका कोई जवाब नहीं आया है।



## पोटाश ब्लास्टः आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली, हरियाणा सहित 3 राज्यों में भेजी टीमें

समर न्यूज़ | लुधियाना

विजयनगर स्थित इंदिरा कॉलोनी में वीरवार को हुए पोटाश ब्लास्ट के मुख्य आरोपी को पुलिस अब तक नहीं गिरफ्तार कर पाई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कई टीमों को पंजाब सहित हरियाणा और दिल्ली में भेजा गया है। आरोपी के कई ठिकानों पर छापामारी भी की गई लेकिन वह हमेशा ही फरार होने में कामयाब रहा। अधिकारियों का मानना है कि आरोपी के यूपी और बिहार स्थित ठिकानों पर भी निगाह रखी जा रही है। आरोपी के लुधियाना में जिन लोगों के साथ नजदिकियन थी उनसे भी लगातार पूछताछ की जा रही है। वहीं पुलिस का दावा यह भी है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ▪ आरोपी मोबाइल फोन आ रहा बंद... पुलिस अधिकारियों। वही पुलिस द्वारा आरोपी के अस्पताल में भर्ती परिवार पर भी निगाह रखी जा रही है क्योंकि पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी उनको मिलने पहुंचेगा या फिर उनके संपर्क में होगा। घटना को तीन दिन बीत गए लेकिन पुलिस से का अब भी दावा है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का मानना है कि आरोपी का मोबाइल फोन बंद होने के कारण उसे पकड़ने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आरोपी के कुछ ठिकानों का पता चला था जहां पर भी छापामारी करने से पहले वह भाग निकला। घटना में घायल हुए 16 लोगों में 10 बच्चे भी शामिल हैं।

# हरियाणा सरकार ने ई डब्ल्यू एस परिवारों के लिए सस्ते फ्लैट और प्लॉट नीति लागू की

**समर न्यूज़ | हरियाणा**

हरियाणा में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए फ्लैट और प्लॉट खरीदने का सपना अब सच होने वाला है। नायब सैनी सरकार ने विशेष योजना के तहत आवासीय प्लॉट और फ्लैट आवंटन की नई नीति तैयार की है।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में बनाई गई नीति के तहत अब हर बिल्डर को अपने प्रोजेक्ट में 20% फ्लैट EWS वर्ग के लिए आरक्षित करने होंगे। इसका सीधा लाभ गुरुग्राम, फरीदाबाद और अन्य शहरों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को मिलेगा, जो महज डेढ़ लाख रुपये में फ्लैट खरीद सकेंगे। यह नीति नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा तैयार की गई है।





**नीति के मुख्य बिंदुः**

यदि कोई बिल्डर रिहायशी कॉलोनी विकसित करता है, तो उसे 20% प्लॉट EWS वर्ग के लिए आरक्षित करना होगा।

प्लॉट का आकार 50 से 125 वर्ग मीटर तक निर्धारित किया गया है।

रिहायशी सोसाइटी के लिए 15% फ्लैट ई डब्ल्यू एस वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगे, जिनका आकार 200 से 400 वर्ग फीट होगा।

आवंटन ड्रॉ प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

**मूल्य निर्धारण और बिक्रीः** ई डब्ल्यू एस प्लॉट की कीमत 600 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से तय होगी। ई डब्ल्यू एस फ्लैट की अधिकतम कीमत डेढ़ लाख रुपये या 750 रुपये प्रति वर्ग फीट रहेगी।

आवंटित प्लॉट और फ्लैट को पांच साल से पहले बेचा नहीं जा सकेगा।

**नीति में संशोधनः**

नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग की वरिष्ठ नगर योजनाकार रेणुका सिंह ने बताया कि सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने के लिए नीति में आवश्यक संशोधन किया है। नई व्यवस्था के तहत आवंटन की जिम्मेदारी हाउसिंग फॉर ऑल विभाग को दी गई है।

यह कदम प्रदेश सरकार की 'हर नागरिक को घर' पहल को साकार करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

# स्कूल में खुली पानी टंकी पर राज्यपाल ने जताई गंभीर चिंता

**समर न्यूज | पंचकूला**



हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सरकारी स्कूल में स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर गंभीर लापरवाही पर नाराज़गी जताई। वे सेक्टर-20 स्थित बलिदानी मेजर अनुज राजपूत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के उपरांत निरीक्षण के दौरान जब राज्यपाल विद्यालय की इमारत की छत पर पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर वे भड़क उठे।

राज्यपाल ने देखा कि छत पर बने पानी निकासी के पाइपों पर लगी जालियां मिट्टी और सूखे पत्तों से पूरी तरह जाम थीं। इसके तुरंत बाद उन्होंने मौके पर ही सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण जारी रखते हुए जब उन्होंने छत से नीचे लगे पानी के टैंक की ओर देखा, तो उसका ढक्कन गायब मिला। इस पर उन्होंने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई।

राज्यपाल ने जब इस बारे में विद्यालय की प्राचार्या नीलू कटियाल से पूछा तो उन्होंने बताया कि इस टैंक का पानी शौचालयों के लिए उपयोग किया जाता है। इस पर आपत्ति जताते हुए राज्यपाल ने कहा कि बिना ढक्कन की टंकी में गंदगी, कीड़े या बीमारियां फैलाने वाले तत्व आसानी से घुस सकते हैं। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि छात्र इस पानी का हाथ-मुंह धोने या कुल्ला करने में भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

राज्यपाल ने तुरंत टंकी पर ढक्कन लगाने और परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने साफ कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आज है आखिरी तारीख, लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ उठाएं

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा की लाडो लक्ष्मी योजना के तहत अब तक करीब 5.30 लाख पात्र महिलाओं ने पंजीकरण करा लिया है। जिन महिलाओं ने 25 अक्टूबर तक पंजीकरण या फार्म जमा कर दिया होगा, उनके खाते में 1 नवंबर को 2,100 रुपये सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे।



शुक्रवार को मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे घर-घर जाकर सभी पात्र महिलाओं तक योजना की जानकारी पहुंचाएं और उनका पंजीकरण सुनिश्चित करें।

**पंजीकरण प्रक्रिया में सुविधाः**

उपायुक्तों को कहा गया है कि वे ग्राम सचिव और पटवारी की मदद से पंजीकरण प्रक्रिया को तेज़ और आसान बनाएं। इसके अलावा, शनिवार और रविवार को भी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने स्टेशनों पर उपलब्ध रहेंगे ताकि महिलाओं का पंजीकरण रुकावट के बिना हो सके।

हरियाणा सरकार के मुताबिक, राज्य में इस योजना के लिए कुल 20 लाख पात्र महिलाएं हैं। पंजीकरण के लिए महिलाएं मोबाइल ऐप 'लाडो लक्ष्मी योजना' का उपयोग कर सकती हैं। गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर आवेदन भरना होगा।

अधिकारी बताते हैं कि कुछ महिलाएं जानबूझकर पंजीकरण नहीं करा रही हैं क्योंकि आवेदन में कई जानकारियां मांगी गई हैं। सरकार का मानना है कि पहली किस्त मिलने के बाद पंजीकरण की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी।

# अध्यापकों की लापरवाही से बिजली की चपेट में आया छात्र

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज़**

: जिले के हथीन में अध्यापकों की लापरवाही के चलते एक आठवीं कक्षा का छात्र 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। छात्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हथीन थाना पुलिस ने छात्र के पिता की शिकायत पर हेडमास्टर सहित दो अध्यापकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी हरी किशन के अनुसार, पहाडपुर गांव निवासी असलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका नाबालिग बेटा रिहान गांव के ही सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ता है। 18 अक्टूबर को उसका बेटा रिहान घर से स्कूल पढ़ने के लिए गया था। आरोप है कि स्कूल के हेडमास्टर साहुन ने उसके बेटे रिहान को कक्षा से बुलाया और स्कूल के गेट पर ले गए, जहां पहले से एक अध्यापक राजेश पहले से नसेनी (पेड़ी) लेकर खड़ा हुआ था।

# गोपाष्टमी में हिंदू एकता पदयात्रा का किया जाएगा भव्य स्वागत

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज़**

होडल में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गौसेवा धाम अस्पताल में गोपाष्टमी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मुख्य रूप से मौजूद रहेगें। वह गोपाष्टमी उत्सव में गोवंश का पूजन कर उन्हें गुड,चारा,दलिया का प्रसाद खिलाएगें। इस अवसर पर होडल विधायक हरेंद्र कुमार भी मौजूद थे। कथावाचक देवी चित्रलेखा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 29 अक्टूबर को गोपाष्टमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा निकाली जा रही हिंदु एकता पदयात्रा का भी भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिन्दू एकता पदयात्रा यह एक धार्मिक और सामाजिक पहल है जो सनातन धर्म के अनुयायियों को एकजुट करने का संदेश देती है।



गोपाष्टमी उत्सव की जानकारी देते देवी चित्रलेखा और होडल विधायक हरेंद्र रामरतन।

इस यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज को एक मंच पर लाना और जाति, भेदभाव, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करना है। देवी चित्रलेखा ने कहा कि गौसेवा धाम अस्पताल वर्ष 2013 में पलवल जिला के होडल में शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि 5 एकड़ में बनाए गए गौ सेवा धाम अस्पताल में बीमार,बेसहारा और घायल गायों का इलाज निशुल्क किया जाता है। अभी तक 90 हजार गौ माताओं का इलाज किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि गौसेवा धाम अस्पताल का विस्तार किया जा रहा है। इस अस्पताल को 8 फ्लोर का मल्टीस्टोरी बनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवों पर दया करें। नेशनल हाईवे पर धीमी गति से गाड़िया चलाए। यदि किसी कारणवश गौवंश दुर्घटना का शिकार हो जाते है तो हेल्पलाइन नंबर पर संर्पक करें ताकि घायल गौवंश को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सके।

# हरियाणा रोडवेज ने बढ़ाया किराया, यात्रियों पर बढ़ा सफर खर्च

**समर न्यूज़ | हरियाणा**

हरियाणा रोडवेज बस यात्रा अब यात्रियों की जेब पर अधिक भार डालेगी। ग्रीनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-352A) पर मोहाना के निकट नए टोल प्लाजा के संचालन शुरू होने के बाद रोडवेज ने किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके तहत कई रूटों पर बस किराए में पांच से दस रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।




नए किराए लागू होने के बाद सोनीपत से गोहाना जाने वाली रोडवेज बस का टिकट अब 45 रुपये हो गया है, जो पहले 40 रुपये था। इसी तरह गोहाना से बड़वासनी और सोनीपत से खेड़ी दमकन रूट पर भी किराए में 10-10 रुपये की वृद्धि की गई है। ये रूट रोजाना हजारों यात्रियों के लिए आवागमन का प्रमुख साधन हैं।

मोहाना टोल प्लाजा शुरू होते ही रोडवेज विभाग ने नए किराए की सूची जारी कर दी है। सोनीपत–गोहाना रूट पर हर 15 मिनट में बस सेवा उपलब्ध रहती है, ऐसे में किराया वृद्धि सीधे आम जनता को प्रभावित करेगी।

स्टेशन सुपरवाइजर सुरेंद्र दुग्गल ने बताया कि टोल शुल्क लागू होने के बाद रोडवेज प्रशासन ने मजबूरी में किराया बढ़ाया है। उनके अनुसार सोनीपत–गोहाना रूट पर हर स्टॉपेज के लिए किराए में 5 रुपये की वृद्धि की गई है।

# शहीदी दिवस पर हरियाणा में विशेष कार्यक्रम, मोदी करेंगे शिरकत

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को राज्यस्तरीय स्तर पर भव्य रूप से मनाने की तैयारी कर ली है। इस अवसर पर 1 नवंबर से 25 नवंबर तक राज्यभर में विशेष धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की शुरुआत अंबाला में रक्तदान शिविर से होगी, जबकि समापन कुरुक्षेत्र में आयोजित विशाल समारोह के साथ होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जानकारी के अनुसार, कुरुक्षेत्र में होने वाले समापन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राज्य की कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में 350 छात्राएं पारंपरिक स्वरूप में कीर्तन प्रस्तुत करेंगी। इसके साथ ही सैंड आर्ट म्यूजिकल शो, लाइट एंड साउंड शो जैसे विशेष कार्यक्रम भी आयोजन का मुख्य आकर्षण होंगे। यह आयोजन हरियाणा में सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को बढ़ावा देने के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का भी माध्यम माना जा रहा है।

**क्यों चुना गया कुरुक्षेत्र**

कुरुक्षेत्र को आयोजन स्थल इसलिए चुना गया है, क्योंकि इसे हरियाणा की धार्मिक राजधानी माना जाता है। गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं और त्याग की परंपरा कुरुक्षेत्र की आध्यात्मिक धरोहर से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी मानी जाती है।



## कार्यक्रमों का विस्तृत कार्यक्रम (1 से 25 नवंबर)

**1 नवंबर** : रक्तदान शिविर (उद्घाटन सीएम नायब सिंह सैनी)
अंबाला

**3 नवंबर** : गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता
सभी स्कूल

**5 नवंबर** : 1984 सिख दंगों के पीड़ित परिजनों को नौकरी नियुक्ति पत्र
स्थान तय होना बाकी

**8 नवंबर** : अरदास के साथ यात्रा शुभारंभ, राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन
रोड़ी (सिरसा), चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी

**9 नवंबर** : 'हिंद दी चादर' मैराथन (केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल)
**करनाल**

**11 नवंबर** : यात्रा को झंडी – सीएम
मारवाला, पिंजौर

**14 नवंबर** : **यात्रा का शुभारंभ**
**फरीदाबाद**

**18 नवंबर** : गुरु तेग बहादुर वन एवं संरक्षण केंद्र की आधारशिला
**कालेसर, यमुनानगर**

**24 नवंबर** : सर्व धर्म सम्मेलन
**कुरुक्षेत्र**

**25 नवंबर** : शहीदी दिवस समापन समारोह (प्रधानमंत्री की उपस्थिति)
**कुरुक्षेत्र**

# पति पर गंभीर आरोप, महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

**समर न्यूज़ | रानिया**

ओटू हैड इलाके के गांव कुताबढ़ में शुक्रवार दोपहर एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया। महिला ने हाथ में कुल्हाड़ी लेकर छलांग लगाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस और ओटू इंचार्ज तुरंत मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल रहे।



महिला मंजीत कौर ने आरोप लगाया कि उनके पति का दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध है और पति उन्हें घर से निकालना चाहते हैं। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दिवाली के दिन उनकी ननद और मामा-ससुर के साथ विवाद हुआ, जिसके बाद पति ने उन्हें कमरे में बंद कर दिया और उन पर झूठे आरोप लगाए।

मंजीत कौर ने बताया कि सरपंच को भी मामले की जानकारी दी थी, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने यह गंभीर कदम उठाया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# सीएम फ्लाइंग की बाढड़ा निजी अस्पताल पर छापेमारी, बड़ी लापरवाही उजागर

**समर न्यूज़ | बाढड़ा**

बाढड़ा के जुई रोड स्थित एक निजी अस्पताल में सीएम फ्लाइंग रोहतक टीम ने छापेमारी कर भारी अनियमितताओं का खुलासा किया। टीम को मौके पर न तो लैब का लाइसेंस मिला और न ही योग्य चिकित्सक मौजूद था। जांच के दौरान अस्पताल में उपयोग की जा रही दवाइयों को सील कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मौके से लैब संचालित करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है।

छापेमारी के दौरान टीम ने जब टेस्ट लैब से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे तो अस्पताल प्रबंधन कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। रजिस्टर की जांच में यह भी सामने आया कि अस्पताल में बिना एमबीबीएस डॉक्टर के ही उपचार किया जा रहा था। यहां एक बीएएमएस चिकित्सक हड्डी रोग, वायरल बुखार, श्वांस संबंधी रोगों सहित अन्य जटिल बीमारियों का इलाज कर रहा था, जो नियमों के खिलाफ है।



सीएम फ्लाइंग प्रभारी सब-इंस्पेक्टर पूनम, चिकित्सक दयाल और एएसआई सोमबीर सिंह ने बताया कि अस्पताल बिना अनुमोदन संचालित किया जा रहा था। न तो वैध रजिस्टर्ड लैब लाइसेंस था और न ही मरीजों की सुरक्षा के लिए आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं। टीम ने बताया कि अस्पताल में मनमर्जी से टेस्ट और उपचार किए जा रहे थे, जो गंभीर लापरवाही है।

# STF ने गोदारा गैंग के वित्तीय नेटवर्क का किया पर्दाफाश

**समर न्यूज़ | बहादुरगढ़**

रोहित गोदारा गैंग से जुड़े तीन आरोपियों को हरियाणा STF ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार ये तीनों आरोपी लंबे समय से गैंग की फंडिंग और लॉजिस्टिक सपोर्ट संभाल रहे थे और अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामले में हमलावरों तक 3 लाख रुपए पहुंचाने में शामिल थे।



गिरफ्तार आरोपियों में सोनीपत के पिपली खेड़ा निवासी हैप्पी, मयूर विहार निवासी हिमांशु और मुरथल रोड का विकास नगर निवासी सुनील शामिल हैं। उन्हें अदालत में पेश किया गया और दो दिन के रिमांड पर पुलिस के हवाले किया गया है। STF की टीम उनसे गहन पूछताछ कर रही है और गैंग के वित्तीय नेटवर्क और अन्य सहयोगियों का पता लगा रही है।

एसटीएफ प्रभारी निरीक्षक राकेश ने बताया कि जांच में खुलासा हुआ कि 27 सितंबर 2025 को भिवानी से सीडीएम मशीन के जरिए हैप्पी के खाते में 3 लाख रुपए जमा किए गए थे। इस रकम का उपयोग गैंग की फायरिंग और अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए किया गया। हैप्पी ने यह रकम अरुण और रविंद्र के कहने पर अन्य सहयोगियों सुनील और हिमांशु के खातों में ट्रांसफर की, जिन्हें बाद में एनकाउंटर में मारे गए अरुण और रविंद्र को सौंपा गया।

एसटीएफ बहादुरगढ़ यूनिट पिछले कई महीनों से रोहित गोदारा गैंग की गतिविधियों की जांच में जुटी है। S22 मई को थाना सदर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई के दौरान गैंग के अन्य दो सदस्यों विजय और रामदत्त को गिरफ्तार किया गया था, जिनके कब्जे से देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद हुए थे। पुलिस का कहना है कि गैंग राज्य में युवाओं को धन के लालच में शामिल कर अपराध फैलाने की कोशिश कर रहा था। STF की गहन जांच से अब इस गैंग की वित्तीय चेन और अन्य अपराधियों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

# चांदहट गांव में बस में लगी अचानक आग

**» उत्तर प्रदेश के बलिया जा रही थी बस, 50 सवारियों की जान बची, दमकल ने आग पर काबू पाया**

**समर न्यूज़ | पलवल**

पलवल-अलीगढ़ रोड पर चांदहट गांव के पास शुक्रवार रात को भिवाड़ी से उत्तर प्रदेश के बलिया जा रही एक निजी बस में अचानक आग लग गई। अफरा-तफरी के बीच चालक और परिचालक की सूझबूझ से बस में मौजूद सभी लगभग 50 सवारियां सुरक्षित बाहर निकल गईं। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

चांदहट थाना के जांच अधिकारी शीशराम ने बताया कि रात करीब 10 बजे बस की एक खाली सीट से धुआं उठता दिखाई दिया। इससे सवारियों में डर और भगदड़ मच गई। चालक और परिचालक ने तुरंत सभी को बाहर निकाला और बस को सड़क किनारे रोका।



बस में मौजूद यात्रियों और उनके सामान को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद मौके पर दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। थोड़ी देर बाद यात्रियों को दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया।

बस में आग लगने के कारणों की जांच चल रही है। सवारी रोहित ने बताया कि अचानक धुआं और आग देखने के बाद बस में चीख-पुकार मच गई, लेकिन चालक की त्वरित कार्रवाई के कारण सभी सुरक्षित बाहर आ गए।

# धर्मशाला में वॉल्वो बसें बनीं सिरदर्द

## » पार्किंग की समस्या से जाम और अव्यवस्था

राहुल चावला | धर्मशाला
समर न्यूज़

धर्मशाला में इन दिनों वॉल्वो बसों का बढ़ता बेड़ा एचआरटीसी डिपो के साथ-साथ आम जनता के लिये भी बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। बाहरी राज्यों से आने वाले सैलानियों की सुविधा के लिए निजी ट्रांसपोर्टर्स ने धर्मशाला से दिल्ली और अन्य रूट्स पर बड़ी संख्या में लग्ज़री बोल्वो बसें उतार दी हैं, लेकिन इन बसों की पार्किंग की कोई निश्चित व्यवस्था न होने से शहर का यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।




**पर्यटन बढ़ा, बढ़ीं लग्जरी बसें**

हर साल लाखों सैलानी धर्मशाला और मैक्लोड़गंज का रुख करते हैं। दिल्ली सहित कई राज्यों से आने वाले पर्यटक आरामदायक यात्रा के लिए निजी बोल्वो बसों को प्राथमिकता देते हैं। इसी मांग को देखते हुए ट्रांसपोर्ट कंपनियों ने पिछले कुछ वर्षों में यहां बोल्वो रूट्स की संख्या में बड़ा इज़ाफ़ा किया है।

**मैक्लोड़गंज सड़क दुरुस्त न होने से नई मुसीबत**

सड़क की ख़राब स्थिति के कारण पिछले दो महीनों से ये बोल्वो बसें मैक्लोड़गंज तक नहीं जा पा रही हैं। नतीजतन, बस ऑपरेटर्स ने धर्मशाला एचआरटीसी वर्कशॉप और बस स्टैंड के आसपास पार्किंग शुरू कर दी है। इससे एचआरटीसी की अपनी बसों को खड़ा करने में मुश्किलें बढ़ गई हैं।

**एचआरटीसी ने प्रशासन से लगाई गुहार**

एचआरटीसी धर्मशाला के रीजनल मैनेजर साहिल कपूर ने बताया कि "इन निजी वॉल्वो बसों की बढ़ती संख्या हमारे लिये लगातार सिरदर्द बनती जा रही है। कई बार बस स्टैंड पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। हमने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिये कांगड़ा के आरटीओ, धर्मशाला के एसडीएम और ट्रैफिक पुलिस को लिखित रूप से सूचित किया है।"

**स्थायी समाधान की मांग**

स्थानीय प्रशासन से उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन बसों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थल तय किया जाएगा, ताकि धर्मशाला जैसे पर्यटन केंद्र में यातायात व्यवस्था सामान्य रह सके और एचआरटीसी की सेवाएँ भी बाधित न हों।

# मंडी के विशाल ठाकुर का कमालः एक साथ चार सरकारी परीक्षाएं पास कर दिखाया हुनर

धर्मवीर । मंडी
समर न्यूज़

कहते हैं, "हौसले बुलंद हों तो मंज़िलें खुद रास्ता दिखाती हैं।" इस कहावत को सच कर दिखाया है मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल की बहरी पंचायत के विशाल ठाकुर ने। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन एवं सीमा शुल्क विभाग में हवलदार के पद पर कार्यरत विशाल ठाकुर ने एक साथ चार-चार सरकारी परीक्षाएं पास कर सबको चौंका दिया है।

अपनी नियमित नौकरी के साथ-साथ उन्होंने लगातार मेहनत जारी रखी और परिणामस्वरूप केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में उप निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल में उप निरीक्षक, और भारतीय तटरक्षक बल में कनिष्ठ सचिवालय सहायक की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कीं।चारों परीक्षाएं पास करने के बाद जब बेहतर अवसर चुनने की बारी आई, तो विशाल ठाकुर ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को अपनी नई सेवा के रूप में चुना।




अब वे सीआईएसएफ में उप निरीक्षक के तौर पर देश की सेवा करेंगे।उनकी इस अद्भुत उपलब्धि से पूरे गांव बहरी में खुशी की लहर है। लोग विशाल ठाकुर की लगन, अनुशासन और मेहनत की जमकर सराहना कर रहे हैं। परिवार और मित्रों को बधाइयों का तांता लगा हुआ है।विशाल ठाकुर ने अपने प्रयासों से यह साबित कर दिया कि अगर संकल्प मजबूत हो और मेहनत निरंतर की जाए, तो सफलता निश्चित है।

# धर्मशाला-मैक्लोडगंज मुख्य सड़क मार्ग की हालत खस्ता, चार माह से बंद एचआरटीसी बस सेवा

समर न्यूज़ | धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल धर्मशाला–मैक्लोडगंज इन दिनों बदहाल सड़कों की मार झेल रहा है। बरसात में क्षतिग्रस्त हुई मुख्य सड़क अब तक दुरुस्त नहीं हो पाई है। हालात इतने खराब हैं कि पिछले चार महीनों से इस मार्ग पर एचआरटीसी की कोई भी बस नहीं चल पा रही है। नतीजतन स्थानीय लोगों और सैकड़ों छात्रों को रोजाना कई किलोमीटर पैदल सफर करना पड़ रहा है।

धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क बरसात के दौरान कई जगह से धंस गई थी। चार महीने बीत जाने के बावजूद सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका है। एचआरटीसी की बसें इस मार्ग से पूरी तरह बंद हैं, जिससे नड्डी, सतोबरी, बरनेट और भत्तला जैसे इलाकों के छात्र रोजाना करीब नौ किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल और कॉलेज पहुंचने को मजबूर हैं। वहीं, स्थानीय लोगों को भी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए धर्मशाला आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय निवासियों के अनुसार, दो माह पहले भारी बारिश के कारण धर्मशाला–मैक्लोडगंज सड़क कई जगह से धंस गई थी। बाईपास मार्ग और खड़ा डंडा मार्ग भी जोगीवाड़ा के पास भूस्खलन से बंद पड़े हैं। लोगों का कहना है कि सड़क इतनी चौड़ी है कि बड़े ट्रक, टिप्पर और अन्य लोडेड वाहन आसानी से गुजर रहे हैं, मगर एचआरटीसी बस सेवा अब तक बहाल नहीं की गई है।

बरनेट, सतोबरी, खड़ीबेही, करेरी और कुठारना जैसे दुर्गम गांवों के हजारों लोगों को रोजी-रोटी के लिए धर्मशाला आने में भारी मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि जब वे इस समस्या को लेकर एचआरटीसी अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो उन्हें पीडब्ल्यूडी से अनुमति न मिलने की बात कही जाती है, जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग इस मामले को एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के पाले में डाल देता है।

धर्मशाला–मैक्लोडगंज सड़क की मरम्मत और बस सेवा की बहाली कब होगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन फिलहाल स्थानीय लोग और छात्र दोनों ही रोज़मर्रा की परेशानियों से जूझ रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द धर्मशाला–मैक्लोडगंज सड़क की मरम्मत की जाए और एचआरटीसी बस सेवा को पुनः शुरू किया जाए।

# रामपुर लवी मेला 2025 : सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 5 नवम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

## » डीपीआरओ, डीएलओ को ऑडिशन वीडियो ईमेल के माध्यम से भेजना होगा



समर ब्यूरो | शिमला

उपायुक्त एवं अध्यक्ष, लवी मेला समिति अनुपम कश्यप ने जानकारी दी है कि 11 से 14 नवम्बर, 2025 तक आयोजित होने वाले रामपुर लवी मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के इच्छुक कलाकारों को 5 नवम्बर, 2025 तक अपना ऑडिशन वीडियो तैयार कर जिला लोक सम्पर्क अधिकारी (डीपीआरओ) शिमला तथा जिला भाषा अधिकारी (डीएलओ) शिमला को ईमेल के माध्यम से भेजना होगा। ईमेल पते dproshimlapr@gmail.com, dloshimla.hp@gmail.com

वीडियो तैयार करते समय निम्न बातों का ध्यान रखेंः

वीडियो और ऑडियो की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए।

वीडियो की अवधि एक मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए।

वीडियो में कोई इफेक्ट या एडिटिंग न की जाए।

वीडियो पर्याप्त रोशनी में बनाया जाए, जिससे कलाकार का चेहरा स्पष्ट दिखे।

आवेदन के साथ कलाकार का पूरा नाम, पता, मोबाइल नंबर, एवं कला की विधा (गायन/वादन/नृत्य) स्पष्ट रूप से लिखें।

जिला शिमला के रेडियो और दूरदर्शन से अनुमोदित 'ए' एवं 'बी हाई' ग्रेड कलाकारों को इस ऑनलाइन ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।

# जनता सर्द रातों में ठिठुर रही है और सरकार आरामकुर्सी पर जश्न मना रही है : जयराम ठाकुर

## » पूर्व सीएम का सीएम से सवाल , कहां गई राहत सीएम सुक्खू साहब, आपदा राशि कहां इस्तेमाल की

मोहित प्रेम शर्मा | शिमला
समर न्यूज़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल आज ऐसी त्रासदी से गुजर रहा है, जिसके जख्म कई सालों तक भर नहीं पाएंगे, लेकिन प्रदेश की सुक्खू सरकार इस आपदा को राहत की जगह प्रचार का माध्यम बनाने में लगी है। जिन घरों में कभी दिए जलते थे, आज वहां सिर्फ मलबा, अंधेरा और सर्द हवा है। हजारों परिवार सर्द रातों में खुले आसमान तले हैं, बच्चे ठंड में रो रहे हैं, बुजुर्ग मौत जैसी रातें काट रहे हैं, और सरकार ढ़ाई महीने बाद भी राहत की एक फूटी किरण तक नहीं दे सकी। यह सरकार सत्ता में तो बैठी है, पर शासन और संवेदना, दोनों में नाकाम साबित हो चुकी है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और अब तक 5500 करोड़ रुपये से अधिक की आपदा राहत राशि राज्य को जारी की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज की घोषणा भी की, लेकिन सवाल यह है कि जनता तक पहुंचा क्या? राज्य सरकार खुद स्वीकार कर चुकी है कि 300 करोड़ रुपये से भी कम राशि अब तक प्रभावितों को दी गई, जबकि हजारों परिवार आज एक-एक कम्बल, एक-एक तिरपाल और एक-एक कमरे की तलाश में भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू केंद्र पर दोष मढ़कर खुद की नाकामी नहीं छिपा सकते। जनता जवाब मांग रही है कि पैसा आया कहां, गया कहां, और मिला किसे?

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल की परंपरा रही है कि आपदा की घड़ी में सरकार, प्रशासन और समाज एकजुट होकर तुरंत राहत पहुंचाते हैं, लेकिन इस सरकार ने देरी, ढीलेपन और दिखावे का नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। 10 जुलाई को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि प्रत्येक प्रभावित परिवार को घर बनाने के लिए 7 लाख रुपये दिए जाएंगे। आज तक एक भी परिवार को यह राशि नहीं मिली। राहत पैकेज, बैठकें, भाषण और कैमरा—यही काम चल रहा है। ठोस कदम उठाने में सरकार पूरी तरह फेल है। ऐसा लगता है कि सुक्खू सरकार आपदा नहीं, बल्कि सच से डर रही है। हिसाब देने से बच रही है, और केंद्र को कोसकर भ्रम की राजनीति कर रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि खास दर्जे की बहाली के कारण हिमाचल को आज विकास योजनाओं में 90 प्रतिशत तक की केंद्र सहायता मिल रही है। चाहे एक्स्टर्नल फंडेड प्रोजेक्ट हों, रोड, हेल्थ, इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेल या आपदा राहत—हर मोर्चे पर केंद्र हिमाचल के साथ खड़ा है। यह शर्मनाक है कि मोदी सरकार की प्रतिबद्धता और मदद पर सवाल उठाकर सुक्खू सरकार सिर्फ अपनी अक्षमता पर पर्दा डालना चाहती है। जनता सब देख रही है, सुन रही है और समय आने पर जवाब देगी।

बस प्रकरण पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एचआरटीसी में अव्यवस्थाओं और कुप्रबंधन को छुपाने के लिए ड्राइवर और कंडक्टर को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। वीडियो वायरल हो जाए तो ड्राइवर पर गाज, सीट टूट जाए तो कंडक्टर पर कार्रवाई, और सिस्टम की गलती का ठीकरा हमेशा उन पर—यह सरकार की कायराना कार्यशैली है। असली गड़बड़ी सत्ता के गलियारे में है, लेकिन सजा उन कर्मचारियों को दी जा रही है जो पहाड़ों की मुश्किल सड़कों पर दिन-रात अपनी जान दांव पर लगाकर जनता को राहत, सेवा और सुविधा देते हैं। सरकार को चाहिए कि वह जिम्मेदारी स्वीकार करे, न कि कमजोरों पर डंडा चलाकर अपनी नाकामी छुपाए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल की जनता यह जानना चाहती है कि राहत राशि आखिर जा कहां रही है, किस खाते में पड़ी है और किस वजह से सर्दियों में बेघर परिवारों को अब तक एक सुरक्षित छत तक नहीं मिल पाई। यह सरकार बताए कि वह जनता के आंसू पोंछना चाहती है या सिर्फ मीडिया की फ्लैशलाइट में अपना चेहरा चमकाना चाहती है। हिमाचल की जनता को राहत चाहिए, राहत का ढोंग नहीं। सुक्खू सरकार को केंद्र पर कीचड़ उछालने की राजनीति छोड़कर राहत देने की जिम्मेदारी निभानी होगी, वरना जनता उसे कभी माफ नहीं करेगी।

# ढगवार में बनेगा हिमाचल का सबसे आधुनिक मिल्क प्लांटः कृषि मंत्री चंद्र कुमार

## » परियोजना 41% पूर्ण, प्रदेश के दुग्ध उद्योग को देगा नई पहचान, बागवानों के हित में भी कई नई योजनाएं लागू कीं

राहुल | धर्मशाला
समर न्यूज़

कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि कांगड़ा जिले के ढगवार में बन रहा आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र हिमाचल प्रदेश का सबसे उन्नत और स्वचालित मिल्क प्लांट होगा, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 225 करोड़ है और अब तक लगभग 41 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। मंत्री ने निर्माणाधीन संयंत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संयंत्र की निगरानी समिति में मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी को शामिल करने के निर्देश भी दिए, ताकि गुणवत्ता और प्रगति की प्रभावी समीक्षा सुनिश्चित हो सके।



चंद्र कुमार ने बताया कि इस प्लांट में टोंड, डबल टोंड, स्टैण्डर्ड और फुल क्रीम दूध के साथ-साथ पनीर, दही, लस्सी, मोज़रेला चीज, खोया और फ्लेवर्ड मिल्क जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने, ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठा रही है। सरकार गाय का दूध 50 प्रति लीटर और भैंस का दूध 61 प्रति लीटर की दर से खरीद रही है। इसके अलावा प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की 40, गेहूं 60, कच्ची हल्दी 90 तथा जौ 60 प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है। सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए पशुपालकों से गोबर की खाद 300 प्रति क्विंटल की दर से खरीदना भी शुरू कर दिया है। बागवानों के हित में भी कई नई योजनाएँ लागू की जा रही हैं ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सके।

# खैरियां के उपेश राणा का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

संजीव । नूरपुर
समर न्यूज़

विधानसभा नूरपुर की पंचायत खैरियां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरियां के प्रतिभाशाली छात्र उपेश राणा ने जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में जगह बनाई है। उपेश नूरपुर जोन के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्हें इस प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

उपेश राणा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल के डी.पी.ई. विपन कुमार, निजी कोच अंकुश



ठाकुर, तथा सनराइजर्स अकादमी धर्मशाला के कोच विजय कुमार और हैप्पी सिंह को दिया है।स्कूल के डी.पी.ई. विपन कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि अंडर-19 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए उपेश का चयन विद्यालय के लिए गौरव की बात है। जोन से लेकर जिला स्तर तक उपेश ने शानदार प्रदर्शन किया है और हमें विश्वास है कि वह राज्य स्तर पर भी उम्दा खेल दिखाकर नेशनल लेवल में जगह बनाएगा।"

वहीं स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल जसबीर सिंह ने कहा कि इस वर्ष हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

उपेश राणा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। इस उपलब्धि के पीछे पूरे स्टाफ और डी.पी.ई. विपन कुमार की मेहनत है।

विद्यालय परिवार और स्थानीय लोग उपेश राणा की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# 1000 डीजल की जगह ई-टैक्सी दौड़ेंगी

## » हिमाचल सरकार की कैबिनेट के बैठक में फैसले, पितृत्व अवकाश की स्वीकृति, पुलिस अफसरों का मानदेय बढ़ाया

संजू | शिमला
समर न्यूज़

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।मंत्रिमंडल ने राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत 40 प्रतिशत सब्सिडी के प्रावधान के साथ 1000 मौजूदा डीजल/पेट्रोल टैक्सियों को इलेक्ट्रिक टैक्सियों से बदलने की अनुमति दी।विशेष पुलिस अधिकारियों के मानदेय में 1 अप्रैल, 2025 से 300 रुपये प्रतिमाह की वृद्धि को मंजूरी दी गई,




जिससे 510 अधिकारी लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार, एसएमसी शिक्षकों, आईटी शिक्षकों, मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं तथा अंशकालिक जलवाहकों के मानदेय में भी 500 रुपये प्रतिमाह वृद्धि को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। राज्य में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना और फसल विविधीकरण परियोजना (जाइका चरण-2) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कुशल निगरानी प्रणाली को मंजूरी दी गई।ग्राम पंचायतों के लिए ग्रामीण क्षेत्र विकास दिशा निर्देशों के प्रारूप को अंतिम रूप देने हेतु राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उप-समिति गठित की गई। मंत्रिमंडल ने विभागों और निगमों में नियुक्ति हेतु मेधावी खिलाड़ियों की सूची में 19 नए खेलों को शामिल करने का निर्णय लिया।

साथ ही, कनिष्ठ कार्यालय सहायक (आईटी) के लिए अलग राज्य संवर्ग के निर्माण की मंजूरी दी गई, जिसके तहत 300 नए पद सृजित होंगे। नाहन मेडिकल कॉलेज के विस्तार कार्य को स्वीकृति दी गई तथा एमरजेंसी मेडिसिन विभाग हेतु 32 सहायक प्रोफेसर के पदों को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।रेजिडेंट डॉक्टर्स नीति-2025 और सहायक स्टाफ नर्स नीति के मसौदे को भी सैद्धांतिक स्वीकृति मिली।राज्य में भू-स्थलीय सौर परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए योजना में संशोधन करते हुए इसका नाम राजीव गांधी स्वरोजगार सौर ऊर्जा योजना रखा गया।जनजातीय क्षेत्रों में 5 प्रतिशत और गैर-जनजातीय क्षेत्रों में 4 प्रतिशत ब्याज अनुदान प्रदान किया जाएगा।

# भाजपा ने छह मोर्चों का गठन पूरा किया

## » कांग्रेस सरकार पर युवाओं के साथ छल का आरोप, कांग्रेस ने झूठे वादों की झड़ी लगाई - डॉ. बिंदल

समर न्यूज़ | शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में प्रदेश के छह मोर्चों — युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, किसान मोर्चा और ओबीसी मोर्चा — का गठन पूर्ण कर लिया है। उन्होंने बताया कि सभी मोर्चे अब अपने-अपने स्तर पर संगठन को सशक्त करने में जुटे हैं। डॉ. बिंदल ने पार्टी कार्यालय में आयोजित युवा मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में कहा



कि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार युवाओं और बेरोजगारों के हितों के खिलाफ साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2022 के चुनावों से पहले कांग्रेस ने झूठे वादों की झड़ी लगाई थी — एक लाख सरकारी नौकरियां देने, 67 हजार खाली पदों को भरने और पांच लाख रोजगार सृजित करने की बात कही गई थी — लेकिन सत्ता में आने के बाद उल्टा हुआ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कोई नियमित भर्ती नहीं हुई, और नौकरी देने वाले संस्थान तक बंद कर दिए गए। "सरकार ने वन मित्र, रोगी मित्र, पशु मित्र जैसी योजनाओं का नाम तो दिया, लेकिन ये योजनाएं युवाओं के साथ मजाक बनकर रह गईं," उन्होंने कहा।

डॉ. बिंदल ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार लगातार रोजगार के अवसर घटा रही है - "हाउसिंग बोर्ड के 137 पद समाप्त कर दिए गए, बिजली बोर्ड में हजारों पदों को खत्म किया गया, विश्वविद्यालयों में पदों की कटौती की जा रही है। यहां तक कि 2000 स्कूल बंद कर लगभग 20 हजार रोजगार समाप्त कर दिए गए.उन्होंने कहा कि पटवार सर्कल, सब-तहसील, पीडब्ल्यूडी, आईपीएच, पीएचसी और सीएचसी कार्यालयों को बंद करने से रोजगार के अवसर घटे हैं। यह सरकार पूरी तरह युवा विरोधी और बेरोजगार विरोधी है।

# मोहाली निगम की हदबंदी बढ़ाने के लिए जारी अधिसूचना के बाद राजनीतिक तिकड़मबाजी चरम पर...

परदीप सिंह हैप्पी/ मोहाली | समर न्यूज

पंजाब स्थानीय निकाय विभाग द्वारा मोहाली नगर निगम की हदबंदी विस्तार को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है और आम जनता से 15 दिनों के भीतर आपत्तियां और सुझाव भी मांगे गए हैं ताकि अगर किसी निवासी को इस हदबंदी को लेकर कोई सवाल या आपत्ति हो तो उस पर विचार किया जा सके। हालाँकि, दूसरी ओर, इस हदबंदी संबंधी अधिसूचना को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के बयान सामने आ रहे हैं। बेशक, मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने इस नई हदबंदी संबंधी अधिसूचना का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है और कहा है कि अधिसूचना के अनुसार, मोहाली के विकसित सेक्टरों और क्षेत्रों को इस मोहाली नगर निगम में शामिल किया गया है, जो एक अच्छी बात है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए।




*मोहाली निगम की हदबंदी में आने वाले सेक्टर या क्षेत्र को इसमें शामिल किए जाने का हम हार्दिक स्वागत करते हैं क्योंकि मोहाली निगम के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का और अधिक विकास हो सकेगा, ऐसा कांग्रेस नेता - राजा कवरजोत सिंह मोहाली और मैडम जसप्रीत कौर पार्षद ने कहा। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला सोच-समझकर लिया गया होगा।*

**▪ मोहाली निगम में पहले से शामिल इलाकों का विकास किसी भी तरह प्रभावित न होः परमजीत सिंह काहलों...**



*लेकिन मोहाली निगम में पहले से शामिल इलाके का विकास किसी भी तरह प्रभावित न हो, उस इलाके का विकास निरंतर जारी रहे और लोगों को सुविधाओं के मामले में कोई दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए।*



*शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता - अजयपाल सिंह मिड्डूखेड़ा ने मोहाली नगर निगम के हदबंदी संबंधी अधिसूचना के बारे में समर एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा कि मोहाली निगम के परिसीमन में पहले से शामिल किए गए गांवों कुंबरा, सुहाना, मदनपुरा, मटौर के निवासियों को संपत्ति कर से छूट दी जानी चाहिए, क्योंकि इस संबंध में, गांवों के लोग नियमित प्रतिनिधिमंडल के रूप में संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिल चुके हैं।*

**▪ सिद्धू परिवार ने पारिवारिक झगड़े को ध्यान में रखते हुए ही की थी. वार्डबंदीः कुलवंत सिंह**

*मोहाली के विधायक और मोहाली निगम के पूर्व मेयर - कुलवंत सिंह ने कहा कि वार्ड विभाजन नहीं किया गया है बल्कि मोहाली निगम की हदबंदी को बढ़ाया गया है, जो सेक्टर पूरी तरह से विकसित हो चुके हैं, उन्हें मोहाली निगम की सीमाओं में शामिल किया गया है, इसके बाद अब आपत्तियां ( ) आमंत्रित की जाएंगी और लोगों की आपत्तियां सुनी जाएंगी, जो आपत्तियां वैध होंगी उन्हें सुनने के बाद उनका समाधान किया जाएगा और उसके बाद अंतिम अधिसूचना की जाएगी, जिसके बाद वार्ड की प्रक्रिया शुरू होगी, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि नए शामिल किए गए क्षेत्रों में एयरोसिटी, आई.टी सिटी, सेक्टर 66ए, 83ए, 82, 85, 86,88, 89,90,91 और सेक्टर-94 को इस हदबंदी में शामिल किया गया है, उन्होंने कहा कि मोहाली निगम में शामिल होने से इस क्षेत्र का और अधिक विकास हो सकेगा, विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मोहाली निगम के हदबंदी में पहले*



*जो क्षेत्र शामिल थे, जैसे गांव सुहाना, गांव मटौर, मदनपुरा, मोहाली गांव और गांव कुंबरा को शामिल किया गया था, तो वहां के लोगों की बड़ी समस्या प्रॉपर्टी टैक्स की है। उन्होंने कहा कि इन गांवों के लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स से छूट दिलाई जा सकती है, इसके लिए सरकार से बातचीत चल रही है और इन गांवों के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम हदबंदी में आने वाले क्षेत्र पर प्रॉपर्टी टैक्स लगाया जाना है। उन्होंने कहा कि अब वार्ड बढ़ने से वोट भी बढ़ेंगे। विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि पहले जो क्षेत्र मोहाली निगम की हदबंदी में शामिल हुआ और नगर परिषद से मोहाली निगम के अधिकार क्षेत्र में आया, सिद्धू बंधुओं ने अपने हिसाब से वार्ड विभाजन तैयार किया था। प्रत्येक वार्ड को चार किलोमीटर तक घुमाया गया था। उदाहरण के लिए, एक वार्ड सेक्टर-78 से शुरू होकर गांव सुहाना तक, फिर सेक्टर-70 का कुछ हिस्सा और सेक्टर-71 तक घुमाया गया। इसमें कितने वोट थे, केवल 3 हजार, सिद्धू बंधुओं ने यह केवल लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए किया था और उन्होंने अपने अहंकार से लोगों के साथ विश्वासघात किया था और लोगों ने विधानसभा चुनावों में सिद्धू को हराकर इसका जवाब भी दिया।*



**बलौंगी, बड़माजरा को भी मोहाली हदबंदी में शामिल किया जाना चाहिए थाः संजीव वशिष्ठ...**

*भाजपा जिला मोहाली अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ ने वार्ड विभाजन संबंधी अधिसूचना के बारे में स्पष्ट रूप से कहा कि बिलौंगी की आबादी लगभग 75 हज़ार है जबकि बड़माजरा लगभग 35 हज़ार की आबादी वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि मोहाली निगम के परिसीमन में बलौंगी को शामिल करने के संबंध में पहले भी पत्र जारी किया जा चुका है, लेकिन नए हदबंदी में बलौंगी को न तो पिछली सरकार ने और न ही अब शामिल किया गया है, जो लोगों के साथ सरासर कुठाराघात है। संजीव वशिष्ठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगर इन क्षेत्रों को शामिल नहीं करना है, तो कम से कम उन क्षेत्रों के निवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।*

**▪ वार्डबंदी को लेकर जारी की गई हदबंदी अधिसूचना से मेयर जीती सिद्धू नाखुश**



*मोहाली नगर निगम की वार्डबंदी को लेकर स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना से मेयर अमरजीत सिंह जीती सिद्धू पूरी तरह नाखुश हैं। इस बारे में बात करते हुए मेयर अमरजीत सिंह सिद्धू ने कहा कि मेरे भाई बलबीर सिंह सिद्धू 15 साल तक मोहाली से विधायक रहे और लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हमने बाकायदा सर्वे करवाकर बलौंगी, बड़माजरा, बरियाली और ग्रीन एन्क्लेव को मोहाली नगर निगम में शामिल करने की घोषणा की थी और लोगों से वादा किया था कि जब भी वे सत्ता में आएंगे, इस इलाके को मोहाली निगम की हदबंदी में शामिल किया जाएगा। लेकिन पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आ गई और हमारे और लोगों के प्रति अच्छी सोच न होने के कारण आम आदमी पार्टी।*

# मोहाली फेज़-8बी में क्रिस्टा इनोवा और क्रेटा की टक्कर, बाल-बाल बचे सवार



निसान सिंह | मोहाली
समन न्यूज़

मोहाली फेज़-8बी की लाइटों के पास आज सुबह लगभग 7 बजे क्रिस्टा इनोवा और क्रेटा कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार लोगों की जान बाल-बाल बच गई, हालांकि दोनों गाड़ियों को काफी नुकसान पहुँचा है। सूत्रों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज़ थी कि दोनों गाड़ियों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन गनीमत यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

8-बी चौकी इंचार्ज गुलशन कुमार ने बताया कि इस घटना को लेकर अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपनी ओर से दोनों गाड़ियों को सड़क के किनारे हटवा दिया है, ताकि यातायात प्रभावित न हो और सड़क पर जाम की स्थिति न बने।

### मोहाली सेक्टर-88 में पंजाबी विरसा सांस्कृतिक और वेलफेयर सोसाइटी ने लगाया 27वां विशाल रक्तदान शिविर

# 200 से अधिक युवाओं ने किया रक्तदान, प्रधान सतवीर सिंह धनोआ बोले- "रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्म"

निसान सिंह | मोहाली
समन न्यूज़

मोहाली के सेक्टर 88 में आज पंजाबी विरसा सांस्कृतिक और वेलफेयर सोसाइटी की ओर से 27वां विशाल रक्तदान शिविर बड़े ही उत्साह और समाजसेवी भावना के साथ आयोजित किया गया। यह शिविर सोसाइटी के प्रधान श्री सतवीर सिंह धनोआ और उनकी समर्पित टीम के नेतृत्व में लगाया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही युवाओं और स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर की शुरुआत अरदास और दीप प्रज्वलन से की गई। इस मौके पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि, मेडिकल स्टाफ, और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में मोहाली और आसपास के इलाकों से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। करीब 200 से अधिक युवाओं ने अपना रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की। श्री सतवीर सिंह धनोआ, प्रधान, पंजाबी विरसा सांस्कृतिक और वेलफेयर सोसाइटी ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, धनोआ ने यह भी कहा कि सोसाइटी पिछले कई वर्षों से समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। अब तक संस्था द्वारा 26 सफल रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, और यह 27वां शिविर संस्था की सेवाभावना का प्रतीक है।



इस अवसर पर शिविर में आए सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और सम्मान-चिह्न प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया। संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने भी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और समाज में मानवता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौजूद डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि युवा पीढ़ी में बढ़ता यह उत्साह एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान करे, तो देश में रक्त की कमी कभी नहीं होगी। रक्तदान शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें लोगों की ब्लड प्रेशर, शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में, सोसाइटी के सदस्यों ने कहा कि पंजाबी विरसा सांस्कृतिक और वेलफेयर सोसाइटी भविष्य में भी इसी तरह समाजसेवी कार्यों को आगे बढ़ाती रहेगी। सफल आयोजन में सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय निवासियों का विशेष योगदान रहा।

# सेक्टर-56 के वार्ड नंबर-29 को मिली विकास की सौगात

**• मनीष सिसोदिया 27 को करेंगे कई योजनाओं का शुभारंभ**



निसान सिंह | चंडीगढ़
समन न्यूज़

सेक्टर-56 के वार्ड नंबर-29 के निवासियों के लिए खुशखबरी है। क्षेत्र के पार्षद मुनव्वर अंसारी और समाजसेवी मनजीत सिंह बाजवा की पहल पर वार्ड के लोगों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलने जा रही हैं। इन विकास कार्यों का उद्घाटन दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया आगामी 27 अक्तूबर 2025 (सोमवार) को करेंगे।

वार्ड में लंबे समय से चली आ रही शिवरेज समस्या को दूर करने के लिए पार्षद मुनव्वर अंसारी और समाजसेवी मनजीत सिंह बाजवा ने ट्रैक्टर और टैंकर क्षेत्रवासियों को समर्पित किए हैं। उन्होंने घोषणा की है कि यदि सेक्टर-56 में कहीं भी शिवरेज ब्लॉक होता है, तो उसे पूरी तरह निशुल्क खोला जाएगा।

इसके अलावा, सेक्टर-56 के रामलीला ग्राउंड में लोगों के मनोरंजन और बच्चों के लिए सुंदर फाउंटेन लगाया जा रहा है। साथ ही, आगामी छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन पक्के तालाब (पॉन्ड) भी तैयार करवाए जा रहे हैं।

क्षेत्र में कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से बंद थीं। इस पर कार्यवाही करते हुए एक हफ्ते के भीतर सभी लाइटों को चालू करने की घोषणा की गई है, जिससे रात के समय लोगों को राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, निवासी तथा समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इन योजनाओं से सेक्टर-56 के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

# फिल्म बड़ा करारा प्रदूषण" का ज़बर्दस्त ट्रेलर आउट, 7 नवम्बर 2025 को होगी रिलीज़

निसान सिंह | चंडीगढ़
समन न्यूज़

फिल्म "बड़ा करारा प्रदूषण" का ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू कर दी है। यह एक भावुक पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है, जो औरतों के साथ, मजबूती, पारिवारिक रिश्तों और पंजाब की रंगीन सांस्कृतिक आत्मा का जश्न मनाती है। इसकी कहानी लंदन की बहु-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में सेट है।

फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध डायरेक्टर परवीन कुमार (नी मैं सस कुटनी, दरड़ा) ने किया है। कहानी अमन सिद्धू ने लिखी है और संगीत गुरमीत सिंह ने तैयार किया है।

इसमें उपासना सिंह, कुलराज रंधावा, शिबा आकाशदीप साबिर,राज धालीवाल, मननत सिंह और कमलजीत नीरू जैसे मशहूर कलाकार अपनी-अपनी अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं।कहानी छह बिछड़ी बहनों की है, जो किस्मत के चलते दोबारा एकजुट होती हैं, जब उन्हें अचानक हुए गिद्धा मुकाबले में हिस्सा लेना पड़ता है। जो शुरुआत में सिर्फ यादों का मिलन होता है, वह आगे चलकर अपनी-अपनी ज़िंदगी की मुश्किलों से जूझने, टूटे रिश्तों को जोड़ने और एक-दूसरे मे ताक़त ढूंढने का सफ़र बन जाता है। ट्रेलर भावुक और सांस्कृतिक सार को खूबसूरती से दर्शाता है। यह फिल्म के बड़े स्तर, असली पंजाबी लोक-संगीत, परंपराओं से भरे नृत्य और सभी को जोड़ने वाली कहानी की एक झलक देती है।



# मोहाली में अवैध खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई की तेज

परदीप सिंह हैप्पी। मोहाली
समन न्यूज़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिला प्रशासन साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर ने खनन एवं खनिज नियमों का कड़ाई से पालन कराने और राज्य के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अवैध खनन गतिविधियों पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।कल रात, खनन विभाग ने मोहाली उप-मंडल में विभिन्न स्थानों पर विशेष जाँच अभियान चलाया, जिसके दौरान टिप्परों/ट्रकों की जाँच और उनके परमिट की जाँच के लिए नाकेबंदी की गई। इस दौरान, कई वाहनों को रोका गया और कानूनी मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उनके दस्तावेजों की गहन जाँच की गई।

इस अभियान की जानकारी देते हुए उप-अधिकारी खनन शुभम गोयल ने बताया कि यह अभियान जिला खनन अधिकारी खुशविंदर सिंह और



विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) राजिंदर घई की देखरेख में अवैध खनन के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चलाया गया।उन्होंने लघु खनिजों के परिवहन में लगे सभी व्यक्तियों और वाहन मालिकों से अपील की कि वे अवैध खनन और परिवहन से बचें और सरकारी खजाने में देय रॉयल्टी जमा करने के बाद ही खनन विभाग के माध्यम से आवश्यक आधिकारिक परमिट प्राप्त करें। उन्होंने आगे कहा कि इस वैध प्रक्रिया के माध्यम से एकत्रित धनराशि का उपयोग पंजाब सरकार द्वारा राज्य के लोगों के समग्र विकास और कल्याण के लिए किया जाता है।

प्रशासन के दृढ़ संकल्प की पुष्टि करते हुए, उपायुक्त कोमल मित्तल ने कहा कि आने वाले दिनों में औचक निरीक्षण जारी रहेंगे और खनन नियमों का उल्लंघन करने या अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के प्रावधानों के अनुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन एसएएस नगर ने जिले में अवैध खनन को पूरी तरह से रोकने, पारदर्शिता, जवाबदेही और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार के निर्देशों को लागू करने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता दोहराई।

संपादकीय

**उपभोक्ता की सुरक्षा**

# 'ओआरएस' पर एफएसएसएआई की सख्ती से निकलेगा नया रास्ता

भारतीय उपभोक्ता के स्वास्थ्य और भरोसे से जुड़ा एक ऐतिहासिक निर्णय आखिरकार सामने आया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने देशभर में उन सभी पेयों और खाद्य उत्पादों पर "ओआरएस" (Oral Rehydration Salts) शब्द के प्रयोग को प्रतिबंधित कर दिया है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों के अनुरूप नहीं हैं। यह कदम एक दशक लंबी जंग का परिणाम है — हैदराबाद की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सिवरंजनी संतोष की वह कानूनी और नैतिक लड़ाई, जिसने भ्रामक "हेल्थ ड्रिंक" उद्योग की पोल खोल दी।




ओआरएस मूल रूप से एक चिकित्सकीय समाधान है — जिसमें पानी, ग्लूकोज, सोडियम और पोटैशियम जैसे तत्व एक तय अनुपात में मिलाए जाते हैं, ताकि डिहाइड्रेशन या दस्त जैसी स्थिति में शरीर में तरल और लवणों की कमी पूरी की जा सके।

लेकिन पिछले कई वर्षों में इस वैज्ञानिक शब्द को मार्केटिंग हथियार बना दिया गया। रंगीन बोतलों में मीठे पेय "ओआरएस ड्रिंक", "एनर्जी हाइड्रेशन" या "रिहाइड्रेशन जूस" के नाम से बेचे जाने लगे। इनमें न केवल अत्यधिक चीनी पाई जाती थी — कई बार डब्ल्यूएचओ की अनुशंसित मात्रा (13.5 ग्राम प्रति लीटर) से 10 गुना अधिक — बल्कि कैफीन और कृत्रिम फ्लेवर भी होते थे, जो शरीर को राहत देने के बजाय और नुकसान पहुंचा सकते हैं। यानी, चिकित्सा का नाम लेकर मुनाफे की मशीनें चल रही थीं।

डॉ. सिवरंजनी संतोष ने 2022 में तेलंगाना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह सवाल उठाया था कि कोई भी पेय जो वैज्ञानिक मानकों पर खरा नहीं उतरता, उसे "ओआरएस" कहने का अधिकार कैसे दिया जा सकता है? उनकी यह पहल दर्शाती है कि एक सजग नागरिक और डॉक्टर भी नीति और कानून की दिशा मोड़ सकता है। एफएसएसएआई का नया आदेश न केवल उनकी जीत है, बल्कि हर उस उपभोक्ता की जीत है जो भरोसे के साथ खरीदारी करना चाहता है, न कि भ्रम में पड़कर।

एफएसएसएआई ने न केवल 'ओआरएस' शब्द पर नियंत्रण लगाया है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि "हेल्थ" और "विज्ञान" के नाम पर झूठे दावे अब नहीं चलेंगे। इसका असर कई स्तरों पर देखने को मिलेगा। फूड और बेवरेज इंडस्ट्री में जवाबदेही बढ़ेगी।

कंपनियों को अब अपने दावों के पीछे वैज्ञानिक आधार साबित करना होगा। विज्ञापन और पैकेजिंग पर निगरानी सख्त होगी। "एनर्जी", "इम्युनिटी", "हेल्थ बूस्टर" जैसे शब्द अब आसानी से इस्तेमाल नहीं किए जा सकेंगे।

उपभोक्ता एजेंसियों और नियामकों को नई प्रेरणा मिलेगी। अब सीरियल्स, स्नैक बार, जूस, स्मूदी और विटामिन वाटर जैसे उत्पादों पर भी नजर डाली जाएगी, जो "हेल्दी" दिखने के बावजूद अत्यधिक शुगर, ट्रांस-फैट या नमक से भरे होते हैं।स्मेटिक और पर्सनल केयर सेक्टर पर भी असर। "हर्बल", "नेचुरल", "क्लिनिकल प्रूफ्ड" जैसे शब्दों के मनमाने उपयोग पर रोक लगाने की दिशा में भी यह निर्णय संकेत दे रहा है।

फूड कंपनियाँ पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट पहुंच गई हैं, यह कहते हुए कि प्रतिबंध अचानक लागू हुआ है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा। कोर्ट ने फिलहाल 180 करोड़ रुपये मूल्य के मौजूदा स्टॉक को बेचने की अस्थायी अनुमति दी है। लेकिन यह राहत अस्थायी है, लंबी अवधि में यह उद्योग को लेबलिंग और ईमानदारी की नई भाषा सीखने के लिए मजबूर करेगी।

यह लड़ाई केवल नियमों की नहीं, बल्कि संज्ञान और शिक्षा की है। भारत जैसे देश में, जहाँ मधुमेह और मोटापे के मामले पहले से चिंताजनक स्तर पर हैं, वहाँ मीठे पेयों को "स्वास्थ्यवर्धक" कहकर बेचना नैतिक अपराध से कम नहीं। इसलिए, इस आदेश की सफलता एफएसएसएआई की सख्ती से अधिक, उपभोक्ताओं की समझदारी और जागरूकता पर निर्भर करेगी।

डॉ. सिवरंजनी की जिद ने हमें सिखाया कि एक व्यक्ति भी पूरे तंत्र को बदल सकता है - बशर्ते उसकी लड़ाई जनता के पक्ष में हो। एफएसएसएआई का यह निर्णय केवल एक उत्पाद तक सीमित नहीं है; यह भारत में फूड और हेल्थ मार्केटिंग के युग में एक नैतिक घोषणा है।

अब अगर नियामक और उपभोक्ता मिलकर इस दिशा में सतर्क रहें, तो आने वाले वर्षों में भारत एक जिम्मेदार और पारदर्शी उपभोक्ता बाज़ार के रूप में सामने आ सकता है।

**मूवी का First Review** | **थामा**

# हास्य-हॉरर दोनों के चक्कर में गड़बड़ाया टोन, थामा एक खूबसूरत पर अधूरी कविता

**शैली: हॉरर-कॉमेडी, रोमांस, फैंटेसी**
**मुख्य कलाकार: आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी**
**निर्देशक: अमर कौशिक**




फिल्म की कहानी एक युवा पत्रकार अलोक (आयुष्मान खुराना) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो उत्तर भारत के एक छोटे कस्बे में अजीब घटनाओं की रिपोर्टिंग करने पहुंचता है। वहां उसकी मुलाकात होती है एक रहस्यमयी लड़की ताड़का (रश्मिका मंदाना) से, जो उतनी साधारण नहीं जितनी दिखती है। धीरे-धीरे खुलता है कि ताड़का का अतीत पौराणिक रहस्यों से जुड़ा है — वह एक ऐसी आत्मा या शक्ति है जिसे प्रेम भी मिला है और श्राप भी। अलोक उसके साथ जुड़कर इस रहस्य की गुत्थी सुलझाने की कोशिश करता है, और इसी सफर में सामने आता है यक्षासन (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) — एक प्राचीन दैत्य-तत्व, जो इंसान और आत्मा दोनों से खेलता है।

फिल्म रोमांस, रहस्य, डर और कॉमेडी के बीच झूलती रहती है — बिल्कुल उसी अंदाज़ में जैसे "स्त्री" या "भेड़िया" में देखा गया था।

आयुष्मान अपनी सहज कॉमिक टाइमिंग और इमोशनल एक्सप्रेशन से कहानी को पकड़ते हैं। उनके संवादों में वही हल्का-फुल्का व्यंग्य और सादगी है जो उन्हें बाकी अभिनेताओं से अलग बनाती है। हालांकि इस कहानी में बहुत कुछ उनके लिए बचता नहीं है। फर्स्ट हॉफ के बाद कहानी बस झेलनीय हो जाती है।

रश्मिका की स्क्रीन प्रेज़ेन्स शानदार है। उन्होंने रहस्यमयी किरदार को ग्रेस और आकर्षण दोनों के साथ निभाया है। कभी मासूम और कभी डरावनी दोनों रूपों में उन्होंने दर्शकों को बांधे रखा। नवाजुद्दीन का किरदार रहस्यमय और गहराई भरा है। उनकी एंट्री हर बार दृश्य को ऊँचा कर देती है। हालांकि कहीं-कहीं संवादों में अत्यधिक गंभीरता से कहानी का टेम्पो गिरता है। हालांकि उनकी पिछली फिल्मों के मुकाबले इसमें उनके लिए करने के लिए बहुत ज्यादा गुंजाइश नजर नहीं आती। फिल्म का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट इसका विजुअल स्टाइल है। कस्बाई गलियों में फैला कोहरा, पुरानी हवेलियाँ, और "थामा" की रहस्यमयी दुनिया सब कुछ विजुअली शानदार है। VFX क्वालिटी बॉलीवुड की हालिया फिल्मों में टॉप लेवल की है।

सचिन-जिगर का म्यूज़िक फिल्म के मूड को बढ़ाता है। "मन मंतर" और "रात की ताड़का" जैसे गाने पहले से ट्रेंड कर रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर डर और रोमांच दोनों को संतुलित करता है न ज्यादा शोरगुल, न बहुत हल्का।

फिल्म की शुरुआत मजबूत है, लेकिन बीच के हिस्से में कहानी बार-बार भटकती है। हास्य और हॉरर दोनों को साथ लेकर चलने की कोशिश में टोन गड़बड़ा जाता है। हॉरर नाम मात्र का है, डराने से ज़्यादा फिल्म मनोरंजन पर केंद्रित है। कुछ दृश्यों में तो डर की जगह हंसी आती है। रहस्य दिलचस्प है, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव उतना नहीं बन पाता जितना "स्त्री" में था। रश्मिका-आयुष्मान की केमिस्ट्री फ्रेश और प्राकृतिक है। संवादों में हास्य और व्यंग्य का अच्छा संतुलन है। तकनीकी स्तर पर फिल्म बेहद स्टाइलिश और विजुअली खूबसूरत है। नवाजुद्दीन का रहस्यमयी किरदार फिल्म में जान डाल देता है।

"थामा" एक दिलचस्प और मनोरंजक फिल्म है — मज़ेदार, चमकीली, लेकिन थोड़ी बिखरी हुई। कुल मिलाकर हॉरर जॉनर में ये आपको निराश ही करती है और फर्स्ट हॉफ के बाद अति झेलनीय है। लेकिन अगर आप "स्त्री" जैसी गहराई या डर की उम्मीद कर रहे हैं, तो यह फिल्म उस कसौटी पर पूरी न उतरे।




लुधियाना के गुरु नानक स्टेडियम में जिला स्कूल स्तरीय इंटर मीट (अंडर-14, 17 और 19 आयु) का आयोजन। इस प्रतियोगिता में जिले के अलग-अलग जोनों से लगभग 500 एथलीटों ने हिस्सा लिया और दमदार प्रदर्शन किया। -फोटो : लक्की भट्टी

# सिडनी में 'रो-को' का जलवा, अटूट साझेदारी के साथ भारत को दिलाई 9 विकेट से जीत

**एजेंसी। सिडनी**

रोहित शर्मा और विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले को 9 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ तीन मुकाबलों की सीरीज 2-1 पर समाप्त हुई।एडिलेड ओवल में 73 रन की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा ने अगले मुकाबले में 121 रन की नाबाद पारी खेलकर फॉर्म में शानदार वापसी की है। दूसरी ओर, सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में 'शून्य' पर आउट होने वाले विराट कोहली ने इस मैदान पर 74 रन की नाबाद पारी खेली। टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 46.4 ओवरों में महज 236 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए कप्तान मिचेल मार्श (41) और ट्रेविस हेड (29) ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े, जबकि मैथ्यू शॉर्ट 30 रन बनाकर आउट हुए।




ऑस्ट्रेलियाई टीम 124 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से मैट रेनेशॉ ने एलेक्स कैरी के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 59 रन की पारी खेली। रेनेशॉ 58 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 2 चौके शामिल रहे, जबकि कैरी ने 37 गेंदों में 24 रन बनाए। इनके अलावा, कूपर कोनोली ने 23 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। भारत की तरफ से हर्षित राणा ने 39 रन देकर 4 शिकार किए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 2 सफलताएं हासिल कीं।

इसके जवाब में शुभमन गिल और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने 10.2 ओवरों में 69 रन की साझेदारी की। गिल 26 गेंदों में एक छक्के और 2 चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए।

यहां से रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने 169 गेंदों में 168 रन की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को महज 38.3 ओवरों में जीत दिलाई।

रोहित 125 गेंदों में 121 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 13 चौके शामिल रहे। वहीं, कोहली ने 81 गेंदों में 7 चौकों के साथ 74 रन बनाए।

विपक्षी खेमे से जोश हेजलवुड एकमात्र सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 6 ओवरों में 23 रन देकर एक विकेट निकाला।

ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज के शुरुआती दो मुकाबले अपने नाम कर चुकी थी। पर्थ में खेला गया सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 7 विकेट से अपने नाम किया था, जिसके बाद एडिलेड मे खेले गए दूसरे मुकाबले को 2 विकेट से जीता।

# महिला विश्व कप : इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। इंदौर**

ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम इस समय इंदौर में है, जहां शनिवार को विश्व कप 2025 के 26वें मुकाबले में साउथ अफ्रीका से उसकी भिड़ंत होगी, लेकिन इस मुकाबले से ठीक पहले दो ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। घटना के वक्त ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर होटल रेडिसन ब्लू से पैदल कैफे की तरफ जा रही थीं। खिलाड़ियों का आरोप है कि इस बीच एक बाइक सवार युवक ने उनसे छेड़छाड़ की। महिला खिलाड़ियों ने तुरंत एसओएस का नोटिफिकेशन भेजा, जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा अधिकारी डेनी सिमंस की शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, होटल रिकॉर्ड और सुरक्षा कर्मियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।




सूचना मिलने पर, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनके बयान दर्ज किए और एमआईजी पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग) और धारा 78 (पीछा करना) के तहत एफआईआर दर्ज की।

स्थानीय डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत आरोपी की बाइक जब्त कर ली गई है। मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस घटना को दुखद और देश के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली बताते हुए कहा, "यह सिर्फ किसी महिला खिलाड़ी के साथ दुर्व्यवहार नहीं है, बल्कि इससे भारत की छवि खराब होती है। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी देश की प्रतिष्ठा से खेलने की कोशिश न करे।"

उन्होंने कहा, "मध्य प्रदेश सरकार इस मामले में शून्य सहनशीलता की नीति पर काम करती है। अगर जांच में कोई दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ उदाहरण प्रस्तुत करने जैसी सजा दी जानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जब देश की धरती पर विदेशी मेहमान खेलने आते हैं, तो उनके सम्मान और सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी हमारी होती है। भारत एक संस्कारी देश है, जहां 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा रही है। ऐसी घटनाएं उस संस्कृति को आहत करती हैं।"

उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम 6 में से पांच मुकाबले जीतकर इस वक्त प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर है। इस टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन से मुकाबला जीता, जिसके बाद श्रीलंका के विरुद्ध मैच बारिश के कारण रद्द हो गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ 107 रन से जीत दर्ज करने के बाद भारत को 3 विकेट से मात दी। इसके बाद बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदकर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 6 विकेट से मात दी है।

# एमएलएस कप : मेसी का 'डबल धमाका', इंटर मियामी ने प्लेऑफ के पहले मैच में नैशविले को हराया

**एजेंसी। मियामी**

लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन के साथ इंटर मियामी ने 'एमएलएस कप' के पहले राउंड के प्लेऑफ सीरीज के शुरुआती मैच में शानदार जीत दर्ज की। मेसी के दो गोल ने इंटर मियामी को नैशविले एससी पर 3-1 से शानदार जीत दिलाई। यह मुकाबला शुक्रवार रात फोर्ट लॉडरडेल में खेला गया।आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता लियोनेल मेसी को मैच शुरू होने से पहले 28 मुकाबलों में 29 गोल करने के लिए 'गोल्डन बूट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




नैशविले एससी के खिलाफ मुकाबले के 19वें मिनट में मेसी ने लुइस सुआरेज के क्रॉस पर डाइविंग हेडर लगाकर गोल किया। इसी के साथ मैच का खाता भी खुला। यह शानदार मूव सर्जियो बुस्केट्स के साइडलाइन के पास गेंद छीनने से शुरू हुआ, जिन्होंने फिर रोड्रिगो डे पॉल को पास दिया। डे पॉल ने मेसी और सुआरेज के साथ शानदार तालमेल बनाते हुए यह गोल किया। मुकाबले के 62वें मिनट इंटर मियामी ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। जब इयान फ्रे की मदद से तादेओ अलेंदे ने हेडर से गोल करके मियामी को 2-0 से बढ़त दिलाई।

मेसी ने 90+6 मिनट में मुकाबले का अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया, लेकिन अतिरिक्त समय के 11वें मिनट में हनी मुख्तार ने गोल करते हुए आखिरकार नैशविले का खाता खोला। इस जीत से मियामी ने बेस्ट-ऑफ-थ्री सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मैच 1 नवंबर को नैशविल में खेला जाएगा। मेसी ने 3 साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करने के ठीक एक दिन बाद यह मैच खेला। वह अब साल 2028 तक फ्लोरिडा में बने रहेंगे। मैच से पहले मेसी को गोल्डन बूट ट्रॉफी प्रदान करने वाले एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने अमेरिकी फुटबॉल पर मेसी के प्रभाव की बहुत प्रशंसा करते हुए कहा, "मुझे नहीं लगता कि हमने कभी सोचा भी होगा कि लियो इस क्लब, इस शहर और इस लीग के लिए इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे।

# आखिर क्यों तीसरे वनडे में नहीं खेले नीतीश रेड्डी?

**एजेंसी। सिडनी**

नीतीश रेड्डी बाएं क्वाड्रिसेप्स में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में नहीं उतरे हैं। मैच से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रेड्डी के चोटिल होने की पुष्टि की। रेड्डी एडिलेड में दूसरे मैच के दौरान चोटिल हुए थे।नीतीश रेड्डी की अनुपस्थिति में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इस मुकाबले में मौका दिया गया है। कुलदीप पहली बार इस सीरीज में खेल रहे हैं। कुलदीप ने एशिया कप 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद वेस्टइंडीज के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में अपना जलवा बिखेरा था। इनके अलावा, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भारत की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।



बीसीसीआई ने आधिकारिक बयान में कहा, "नीतीश कुमार रेड्डी को एडिलेड में दूसरे वनडे के दौरान बाएं क्वाड्रिसेप्स में चोट लग गई थी और इसके बाद वे तीसरे वनडे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाए। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है।"

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज का पहला मैच डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 7 विकेट से गंवाया था, जिसके बाद एडिलेड में टीम इंडिया को 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में टीम इंडिया सीरीज के अंतिम मुकाबले को जीतकर सम्मान बचाने उतरी है।

सिडनी में खेले गए मैच की बात करें, तो यह सीरीज में लगातार तीसरी बार था जब भारतीय कप्तान शुभमन गिल टॉस हार गए। भारत ने वनडे फॉर्मेट में लगातार 18वां टॉस गंवाया है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टीम की कमान संभालते हुए अपने 10 वनडे मुकाबलों में दूसरी बार बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# नवंबर में भारत नहीं आएंगे लियोनेल मेसी, फ्रेंडली मैच स्थगित

**एजेंसी। कोच्चि**

लियोनेल मेसी और उनकी टीम अर्जेंटीना नवंबर में भारत का दौरा नहीं करेगी। भारत में उनका बहुप्रतीक्षित मैच स्थगित कर दिया गया है।पहले यह मैत्रीपूर्ण मुकाबला 17 नवंबर को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होना था, लेकिन अब मुकाबला फीफा की आगामी अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान होगा। मुकाबले के प्रायोजक, रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के प्रबंध निदेशक एंटो ऑगस्टाइन ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। केरल के व्यवसायी और एमराज ग्रुप इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक एंटो ऑगस्टाइन ने सोशल मीडिया पर बताया कि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संगठन फीफा से अनुमति मिलने में देरी के कारण मैच स्थगित किया गया है।



इसके साथ ही ऑगस्टाइन ने संकेत दिया है कि केरल में होने वाले मुकाबले को अगली अंतरराष्ट्रीय विंडो के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा। जल्द ही नई तारीख की घोषणा होगी।

ऑगस्टाइन ने फेसबुक में लिखा, "फीफा की अनुमति मिलने में देरी के चलते अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मुकाबले को नवंबर विंडो से स्थगित करने का फैसला लिया गया है।"

इससे पहले, स्पेनिश मीडिया आउटलेट ला नेसियन ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि तीन बार की फीफा विश्व कप विजेता टीम केरल नहीं जाएगी। इसका कारण यह है कि भारत ने मैच आयोजित करने के लिए जरूरी शर्तें पूरी नहीं कीं। इसके साथ ही बार-बार नियमों का उल्लंघन भी हुआ।

एएफए अधिकारी ने कहा, "हमने नवंबर में मुकाबले को आयोजित कराने के लिए हर संभव कोशिश की। एक प्रतिनिधिमंडल मैदान और होटल देखने के लिए भारत भी गया, लेकिन आखिरकार, भारत शर्तों को पूरा नहीं कर सका। दुर्भाग्य से, भारत ने बार-बार नियमों का उल्लंघन किया। अब हम नई तारीख तय करने के लिए अनुबंध को पुनर्गठित करने जा रहे हैं।"

हाल ही में, अर्जेंटीना मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत के साथ मैच नवंबर में नहीं हो सकता। इसे मार्च 2026 तक स्थगित किया जा सकता है।

### जालंधर बाईपास से घंटाघर तक टूटी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, कारोबारियों ने उठाई मरम्मत की मांग

# खड्डों के साथ 'वेल कम इन लुधियाना,' निगम खेल रहा टेंडर-टेंडर, दूसरे शहरों से आने वाले व्यापारी परेशान

लक्की मेहता/लुधियाना| समर न्यूज़

लुधियाना वैसे तो पूरा लुधियाना की सड़कों की बदहाली इन दिनों किसी से छुपी नहीं है। लेकिन जालंधर बाईपास से लेकर रेलवे स्टेशन तक की सड़कों के हालात बद से बदतर हैं। जगह जगह बड़े खड्डे और खड्डों से हो रहा दूसरे शहरों से आने वाले व्यापारियों के निजी वाहनों का नुकसान भी हुआ। क्योंकि जालंधर बायपास चौक पर बड़े-बड़े अक्षरों में निगम अधिकारियों ने आई लव लुधियाना तो लिख दिया लेकिन लुधियाना की सड़कों पर खड्डों से दूसरे शहर से आने वाले लोगों का स्वागत है। इस बातको निगम अधिकारी भी भली भांति जानते हैं कि इन खड्डों से काफी परेशानी हो रही है लेकिन वह टेंडर फाइनल होने का इंतजार कर रहे हैं। अब दावा किया जा रहा है कि अगले माह के शुरुआती दिनों में ही इसको ठीक करवाया जाएगा।





#### ▪ महानगर की बड़ी कपड़ा बाजारों के लिए यही सड़क

जालंधर बायपास से लेकर रेलवे स्टेशन तक कई ऐसी बड़ी मार्केट है जहां पर होलसेल कपड़े का व्यापार होता है। इनमें गांधी नगर मार्किट, अकालगढ़ मार्किट, चौड़ा बाज़ार, कैलिबर प्लाजा (ए सी मार्किट), इत्यादि है जबकि केसरगंज मंडी, जगराओं पुल के पास टूल मार्किट (जहां पर मशीनों के स्पेयर पाट्र्स मिलते हैं) और रेलवे स्टेशन, माता रानी चौक (मोबाइल हब के नाम से मशहूर) जैसे अति व्यस्त इलाके है। इन सभी इलाकों में रोजाना ही पंजाब में आसपास के राज्यों के लोग होलसेल सामान खरीदने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में लुधियाना की सड़कों के प्रति उनका क्या रवैया होगा वह आप अनुमान लगा ही सकते हैं।

#### ▪ व्यापारी भी हैं परेशान

इस मामले में जब मार्केट के लोगों से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि सड़कों की बदहाली की वजह से दूसरे शहरों और सूबे से आने वाले व्यापारी परेशान है। कारण है कि उनकी गाड़ियों का भी कई बार इन खड्डों के कारण नुकसान हुआ है। मार्केट के लोगों का कहना है कि निगम अधिकारियों को अपने जिम्मेदारी समझनी चाहिए और इस समस्या का हल करवाना चाहिए जो कि शहर की सुंदरता और स्वच्छता के लिए जरूरी है। लोगों का यह भी मानना है कि कई बार पैच वर्क किया जा चुका है लेकिन कुछ ही समय बाद वह उखड़ जाता है।

#### ▪ जल्द ही टेंडर होगा...

*शहर की सड़कों पर पड़े हुए खड्डों की मरम्मत के लिए टेंडर डाला गया है। आने वाली 31 अक्टूबर के बाद टेंडर फाइनल होगा जिसके बाद काम तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाएगा। जल्द ही शहर की सभी सड़कों पर पड़े हुए करो को मरम्मत करवाई जाएगी।*

**रणजीत सिंह**, एसई (B&R)

#### ▪ टेंडर का वहीं एस्टीमेट बन चुका है

*बीते दिनों हुई भारी बरसात के बाद महानगर की सड़कों पर जो खड्डे पड़े है उनको ठीक करने के लिए टेंडर का स्टीमेट बनाया जा चुका है। जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। टेंडर फाइनल होने के बाद सड़कों की मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।*

***इंदरजीत कौर**, मेयर लुधियाना*

## हीरो बेकरी के मालिक पर पर्चा, बिना अनुमति निर्माण का आरोप




नगर निगम कर्मियों के द्वारा हीरो बेकरी को सील करते हुए।

समर न्यूज़ | लुधियाना

नगर निगम ने शहर की प्रसिद्ध हीरो बेकरी के मालिक के खिलाफ थाना डिवीजन नंबर 5 में शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज करवाई। आरोप है कि मालिक ने सील तोड़कर बिना अनुमति के बेकरी में अवैध निर्माण शुरू कर दिया। नगर निगम ने 5 सितंबर 2023 को पहले ही बेकरी को अवैध निर्माण के कारण सील किया था, लेकिन मालिक ने इसे तोड़कर निर्माण जारी रखा। इस पर निगम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और मामला अब जांच के दायरे में है।

एडिशनल कमिश्नर ने पुलिस को बताया कि बेकरी मालिक ने बिना मंजूरी दुकान के कुछ हिस्सों में बदलाव किया, जो नियमों का उल्लंघन है।

निगम ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जानकारी के अनुसार, हीरो बेकरी वर्ष 1970 से चल रही है और यह लुधियाना की प्रमुख बेकरी मानी जाती है। नगर निगम ने कहा कि अतिक्रमण और सड़क की घटती चौड़ाई को देखते हुए ऐसे निर्माण पर निगरानी रखी जाएगी।

### सत पॉल मित्तल स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित

## डीएमसीएच के सहयोग से अभिभावकों और स्टाफ ने किया रक्तदान



सत पॉल मित्तल स्कूल ने किया रक्तदान शिविर में आयोजन भाग लेते टीचर्स।

लक्की भट्टी/लुधियाना | समर न्यूज़

शनिवार को सत पॉल मित्तल स्कूल ने दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य समाज में करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना था। शिविर डीएमसीएच के आईएचबीटी विभाग के प्रमुख डॉ. राजेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। स्कूल प्रिंसिपल भूपिंदर गोगिया ने सभी प्रतिभागियों और डीएमसीएच टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें छात्रों में मानवता और सेवा भावना को सशक्त बनाती हैं।



## बुड्ढा दरिया में गंदगी देख राज्यपाल ने धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई, बोले-5 बार मीटिंग के बावजूद इंडस्ट्रियल वेस्ट नहीं रुका

अशवनी पहवा/लुधियाना| समर न्यूज़



शुक्रवार को लुधियाना में पुहंचे राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बुड्ढा दरिया (नाला) पुनरुद्धार परियोजना का निरीक्षण और समीक्षा बैठक की। उन्होंने परियोजना की धीमी गति और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों तथा डेयरी इकाइयों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। राज्यपाल ने कहा कि शहर वाली साइड में अभी तक कोई ठोस काम नहीं हुआ है और उद्योगों का वेस्ट अभी भी पूरी तरह नहीं रुका है। उन्होंने 14 किलोमीटर लंबे दरिया के हिस्से का सीमांकन तुरंत करने का निर्देश दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल, डीसी हिमांशु जैन और नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल समेत सभी प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे। डीसी हिमांशु जैन ने बताया कि ताजपुर रोड के पास बायोगैस संयंत्र लगाने की योजना बनाई गई है, ताकि गोबर सीधे जलाशय में न पहुंचे। नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने अवैध गोबर निस्तारण में हुई प्रगति का उल्लेख किया और कहा कि अगले सप्ताह घर-घर गोबर संग्रह के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उल्लंघन करने वाली डेयरियों पर 100 से अधिक FIR दर्ज की गई हैं और भारी जुर्माने लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि लुधियाना के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की संयुक्त क्षमता 703 मिलियन लीटर प्रतिदिन है, जो अनुपचारित पानी को उपचारित कर दरिया की सफाई में मदद कर रहा है। राज्यपाल ने सभी विभागों से परियोजना की गति बनाए रखने और सहयोगात्मक काम करने का आग्रह किया। उन्होंने अगली समीक्षा बैठक दिसंबर 2025 के लिए निर्धारित की।



## यूनिफॉर्म में चोर... चालान से खुली चोरी की कहानी

समर न्यूज़ | लुधियाना

शिवाजी नगर की गली नंबर 10 से एक्टिवा चोरी होने का अनोखा मामला सामने आया है। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, गौतम गोयल नामक व्यापारी, जो गत्ते के डब्बे बनाने का कारोबार करते हैं, अपनी एक्टिवा गली नंबर 9 में खड़ी कर कुछ देर के लिए अंदर गए थे। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक, जो स्कूल के बच्चों की तरह बैग टांगे हुए थे, मौके का फायदा उठाकर एक्टिवा लेकर फरार हो गए।

बताया जा रहा है कि एक्टिवा की चाबी गाड़ी में ही लगी हुई थी। कुछ समय बाद गौतम गोयल के मोबाइल पर 500 के चालान का एसएमएस आया, जिससे उन्हें शक हुआ कि गाड़ी चोरी हो गई है।

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने एक्टिवा को कारोबारा रोड की तरफ ले जाया था, जहां ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें नियम तोड़ने पर रोका और चालान किया।



सीसीटीवी कैमरे में कैद युवक एक्टिवा को खोलते हुए।

इस घटना की शिकायत थाना डिवीजन नंबर 3 के अधीन चौकी धर्मपुरा में दर्ज करवा दी गई है। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बीबी भानी जी भलाई केंद्र में गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी गुरुपर्व को समर्पित समागम

समर न्यूज़ | लुधियाना

बीबी भानी जी भलाई केंद्र, लुधियाना में धन धन श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी गुरुपर्व को समर्पित एक महान चुपहिरा जप तप समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धन धन बाबा दीप सिंह जी चुपहिरा परिवार के जत्थे ने हाजिरी भरकर संगतों को आध्यात्मिक माहौल में जोड़ा। समागम के दौरान जपुजी साहिब, श्री चौपाई साहिब और श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ किए गए तथा शब्द कीर्तन के माध्यम से गुरु घर की महिमा का गुणगान हुआ। इस मौके पर अलग अलग सत्संग सभा सोसायटियों की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।माता विपनप्रीत कौर विशेष रूप से संगतों के दर्शन के लिए पहुंचीं। इस दौरान सरदार मनिंदर सिंह आहूजा और हरभजन सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में संगतों ने शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं और अपने जीवन को धन्य बनाया। इस अवसर पर सरदार मनिंदर सिंह आहूजा, राजवंत सिंह वोहरा, अरविंदर सिंह, बीबी दलजीत कौर, हरभजन सिंह, जसविंदर मल्होत्रा, मनिंदरपाल सिंह बग्गा और गुरमीत सिंह रोमी सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व मौजूद रहे।

## युवक पर हमला कर 5 हजार और साइकिल लूटी

समर न्यूज़ | लुधियाना

लाडोवाल के इलाके में शुक्रवार की रात तीन अज्ञात बदमाशों ने करियाना दुकान में काम करने वाले एक युवक पर तेजधार हथियारो से हमला कर उससे 5 हजार रुपए की नगदी और साईकल छीन ली। हमले में घायल युवक को राहगीरों ने लहूलुहान हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। वही मामले की सूचना थाना लाडोवाल की पुलिस को दी। अस्पताल में घायल युवक की पहचान भाटिया रोड निवासी 24 वर्षीय गोविंदा निवासी के रूप में हुई।

अस्पताल में घायल गोविंदा ने बताया कि वह रोजाना की तरह दुकान से घर लौट रहा था। जब वह भाटिया रोड पर पहुंचा, तो पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और अचानक तलवार निकालकर उसपर हमला कर दिया। उसने साहस दिखाते हुए तलवार छीनने की कोशिश की, लेकिन संघर्ष के दौरान उसके सिर में चोट लग गई। जिससे वह लहूलुहान हो गया और तभी आरोपी उसकी साइकिल और 5 हजार रुपये नगदी लेकर फरार हो गए।

तभी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की सूचना थाना लाडोवाल की पुलिस को दी गई, पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।




घायल गोविंद

### डीएवी के छात्रों ने सीखा जीवन बचाने का हुनर, बीआरएस नगर लुधियाना में सीपीआर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

## डॉक्टरों ने स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचने के लिए बताए जरूरी कदम

अशवनि पाहवा/लक्की भट्टी/ लुधियाना|समर न्यूज़

बीआरएस नगर स्तिथ डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में काउंसलिंग सेल और हेल्थ एंड वेलनेस क्लब की ओर से 9वीं कक्षा से 12वीं कक्षा (मेडिकल स्ट्रीम) के छात्रों के लिए सी.पी.आर. (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) पर जानकारीपूर्ण व व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र का संचालन सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिक इंटेंसिविस्ट डॉ. विकास बंसल और विद्यालय की गौरवशाली पूर्व छात्रा, डॉ. महक बंसल (सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिक एवं कार्डियक इंटेंसिविस्ट) ने किया। उनकी मौजूदगी ने इस अवसर को और भी विशेष बना दिया। डॉ. विकास और डॉ. महक ने छात्रों को बताया कि किसी व्यक्ति की हृदयगति रुकने की स्थिति (Cardiac Arrest) को कैसे पहचाना जाए — नाड़ी जांचकर, सांस की प्रक्रिया देखकर और तत्काल मदद के लिए 108 पर कॉल कर। उन्होंने सी.पी.आर. की सही तकनीक का प्रदर्शन किया — सुरक्षा सुनिश्चित करना, नाड़ी की जांच, और सहायता आने तक छाती पर उचित दबाव देकर रक्त संचार बनाए रखना।



डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर लुधियाना में मेडीकल छात्र सीपीआर प्रशिक्षण की जानकारी लेते।

सत्र के दौरान छात्रों को AED (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर) के उपयोग की जानकारी भी दी गई, जो अस्पतालों, मॉल, हवाई अड्डों व रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा choking यानी गला घुटने की स्थिति में किए जाने वाले कदमों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। व्यावहारिक अभ्यास के दौरान छात्रों ने खुद सी.पी.आर. तकनीक अपनाकर सीखी, जिससे उनमें आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने की क्षमता और आत्मविश्वास विकसित हुआ।

विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती जे.के. सिद्धू ने दोनों विशेषज्ञ डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण छात्रों को जिम्मेदार, सजग और सहायक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## मेस-प्रोलाइफ अस्पताल द्वारा निःशुल्क हर्निया जांच शिविर

समर न्यूज़ | लुधियाना

अपनी सुपर स्पेशियलिटी और ट्रॉमा केयर सेवाओं के लिए प्रसिद्ध, गाँव गिल के मलेरकोटला रोड स्थित मेस-प्रोलाइफ अस्पताल, हर्निया के रोगियों के लिए निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन कर रहा है। यह शिविर शनिवार, 25 अक्टूबर, 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। हर्निया एक ऐसी बीमारी है जो शुरुआत में धीरे-धीरे शुरू होती है, लेकिन अगर समय पर इलाज न किया जाए तो समय के साथ खतरनाक रूप ले सकती है। इस बीमारी के लक्षणों में पेट या गोद के क्षेत्र में सूजन, दर्द या भारीपन महसूस होना शामिल है। अक्सर लोग इसे हल्के में ले लेते हैं, जिसके कारण बाद में सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। मेस-प्रोलाइफ अस्पताल के निदेशक डॉ. हरप्रीत सिंह जॉली ने बताया कि यह शिविर लोगों को हर्निया की समस्या के प्रति जागरूक करने और समय पर इलाज के महत्व को दर्शाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "कई मरीज हर्निया को मामूली बीमारी समझते हैं, लेकिन जब यह बढ़ जाए तो खतरनाक हो सकती है। इसलिए हमारा उद्देश्य है कि लोग समय पर जांच कराकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 50